दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। रविवार 30 नवम्बर -2025 ● वर्ष : 10 अंक : 342 पेज-08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3










## बिहार विधानसभा का नया सत्र 1 दिसंबर से, 2 तारीख को होगा स्पीकर का चुनाव

**पटना।** बिहार की 18वीं विधानसभा के पहले सत्र की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर के आदेश के बाद विधानसभा सचिवालय ने शनिवार देर शाम स्पीकर चुनाव की आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी। इसके अनुसार 18वीं बिहार विधानसभा का पहला सत्र 1 दिसंबर से शुरू होगा और अगले दिन यानी 2 दिसंबर को नए विधानसभा अध्यक्ष (स्पीकर) का चुनाव होगा।

सत्र के पहले दिन 1 दिसंबर को सबसे पहले नवनिर्वाचित 243 विधायकों को शपथ दिलाई जाएगी। प्रोटेम स्पीकर के रूप में वरिष्ठ जदयू विधायक नरेंद्र नारायण यादव को नियुक्त किया गया है। वे सबसे पहले खुद शपथ लेंगे और उसके बाद बाकी सभी विधायकों को शपथ दिलाएंगे। शपथ ग्रहण के बाद उसी दिन स्पीकर पद के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया होगी। नामांकन वापसी का भी उसी दिन



मौका रहेगा। 2 दिसंबर को सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होते ही स्पीकर का चुनाव कराया जाएगा।

यदि एक से अधिक उम्मीदवार मैदान में रहे तो मत विभाजन से स्पीकर चुना जाएगा। नए स्पीकर के चुने जाने तक प्रोटेम स्पीकर नरेंद्र नारायण यादव ही सदन का संचालन करेंगे। स्पीकर पद के लिए सत्तारूढ़ एनडीए की ओर से अभी तक आधिकारिक उम्मीदवार की घोषणा नहीं हुई है। सूत्रों के मुताबिक, बीजेपी के वरिष्ठ नेता और वर्तमान मंत्री प्रेम कुमार को विधानसभा का नया स्पीकर बनाया जा सकता है। जदयू कोटे से वरिष्ठ विधायक विजय कुमार चौधरी या विजेंद्र यादव के नाम चर्चा में हैं। पिछली बार भी जदयू के विजय कुमार चौधरी ही स्पीकर थे।

विपक्षी महागठबंधन की ओर से अभी स्पीकर चुनाव लड़ने का कोई संकेत नहीं मिला है। चूंकि महागठबंधन को कुल जमा 36 सीटें ही आई हैं, जिस कारण वह स्पीकर पद के लिए अपना उम्मीदवार खड़ा करने की स्थिति में ही नहीं है। जैसे तैसे आरजेडी 1 सीट के अंतर से विपक्ष के नेता का पद बचाने में सफल रही है।

बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता का पद पाने के लिए किसी दल को कुल 243 सीटों में से कम से कम 10 फीसदी सीटें जीतना जरूरी है। बिहार चुनाव में आरजेडी को 25 सीटें मिली हैं। एनडीए के पास 202 सीटों के साथ सदन में प्रचंड बहुमत है। वह आसानी से अपना स्पीकर चुन लेगा।

## सैनिकों की तरह हमेशा तत्पर रहें लोक सेवक : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर नागरिक और सैन्य तंत्र के बेहतरीन तालमेल का शानदार उदाहरण है। उनके मुताबिक, इस ऑपरेशन में प्रशासन और सेना ने मिलकर अहम जानकारी लोगों तक पहुंचाई और उनमें भरोसा पैदा किया। राजनाथ सिंह उत्तराखंड के मसूरी में लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (एलबीएसएनएए) में 100वें सामान्य आधारभूत पाठ्यक्रम के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

राजनाथ सिंह ने युवा लोक सेवकों से कहा कि वे देश के हितों की रक्षा में अपनी अहम जिम्मेदारी समझें और कठिन परिस्थितियों में भी सैनिकों की तरह हमेशा तैयार रहें। उन्होंने दोहराया कि ऑपरेशन सिंदूर में प्रशासनिक मशीनरी और सेना ने बिना किसी बाधा के काम किया और जनता तक जरूरी जानकारी पहुंचाई, जिससे लोगों में भरोसा बढ़ा।

**'सेना ने संतुलित तरीके से पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को बनाया निशाना' :** रक्षा मंत्री ने कहा कि इस ऑपरेशन के दौरान भारतीय सेना ने



पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में मौजूद आतंकवादी ठिकानों को 'संतुलित और स्थिति न बढ़ाने वाले तरीके' से नष्ट किया। लेकिन पड़ोसी देश के व्यवहार ने सीमा पर हालात को सामान्य होने नहीं दिया। रक्षा मंत्री ने सैनिकों की बहादुरी की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों ने भी जरूरी सूचनाएं साझा करके और देशभर में मॉक ड्रिल करवाकर बहुत अहम भूमिका निभाई। राजनाथ सिंह ने कहा कि 2047 तक 'विकसित भारत' बनाने के लिए शासन और राष्ट्रीय सुरक्षा के बीच तालमेल और बढ़ाना जरूरी है।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन' और 'सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन' के मंत्र का जिक्र किया और कहा कि भारत को आत्मनिर्भर और विकसित बनाने में लोक सेवकों की भूमिका बहुत अहम है। उन्होंने कहा कि 2014 में जब (भाजपा के नेतृत्व वाली) सरकार बनी थी, तब भारत दुनिया की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था। पिछले 9झ10 वर्षों में भारत चौथे नंबर पर पहुंच गया है। उन्होंने बताया कि मॉर्गन स्टेनली जैसी अंतरराष्ट्रीय संस्था भी कह रही है कि भारत अगले दोझतीन साल में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है।

**'तकनीक से हल करें जनता की समस्याएं' :** राजनाथ सिंह ने कहा कि लोकजनता के सेवक हैं, शासक नहीं। उनका व्यवहार ईमानदारी और निष्पक्षता से भरा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकसेवकों के काम में ऐसी संस्कृति दिखनी चाहिए, जहां ईमानदारी कोई विशेष नहीं, बल्कि रोजमर्रा का सामान्य हिस्सा हो। उन्होंने कहा कि यह तकनीक का दौर है और नए अधिकारी जनता की समस्याओं का हल तलाशने के लिए तकनीक का इस्तेमाल करें। तकनीक से लोगों तक पहुंच बढ़ेगी, पारदर्शिता आएगी और सभी वर्गों को लाभ मिलेगा।


उन्होंने यह भी कहा कि लोक सेवकों को हर नागरिक से सहानुभूति और समझ के साथ मिलना चाहिए। गरीब और कमजोर वर्गों से बात करते समय यह समझना चाहिए कि उनकी कठिनाइयां केवल उनकी अपनी कोशिशों की वजह से नहीं, बल्कि

शेष, पृष्ठ 2

### नेशनल गार्ड सदस्यों पर शूटिंग के बाद ट्रंप का बड़ा फैसला

## अमेरिका ने अफगान पासपोर्ट होल्डर्स के वीजा पर लगाई तत्काल रोक

**वॉशिंगटन:** अमेरिकी विदेश विभाग ने शुक्रवार 28 नवम्बर कहा है कि वह अफगान पासपोर्ट पर यात्रा करने वाले लोगों को वीजा देने पर तत्काल रोक लगा रहा है। यह कार्रवाई नेशनल गार्ड के दो सदस्यों पर जानलेवा हमले के बाद की गई है। इसके साथ ही शुक्रवार को ही अमेरिकी इमिग्रेशन अधिकारियों ने कहा कि आने वाले समय में शरण के लिए आवेदन पर फैसले भी रोके जा रहे हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में पुष्टि करते हुए



बताया कि अफगान पासपोर्ट पर यात्रा करने वाले सभी लोगों के लिए वीजा जारी करना रोक दिया गया है।

**शरण आवेदनों पर भी रोक :** रुबियो ने अपने बयान में कहा, 'हमारे देश और हमारे लोगों की सुरक्षा से बड़ी कोई प्राथमिकता नहीं है।' वहीं, एक अलग फैसले में देश में सभी शरण आवेदनों पर भी रोक लगा दी गई है। यूएस सिटिजनशिप एंड इमिग्रेशन सर्विसेज के निदेशक जोसेफ एडलो ने एक पोस्ट में कहा कि अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि जब तक हर आवेदक की ज्यादा से ज्यादा जांच और स्क्रीनिंग नहीं हो जाती, तब तक वे शरण से जुड़े आदेश जारी करना बंद कर दें।

### निगम की बोर्ड बैठक पर आ गया एसआईआर अभियान का असर

## 4 दिसम्बर के बाद हो सकती है निगम बोर्ड बैठक की घोषणा

गाजियाबाद, करंट क्राइम। पार्षदों ने तैयारी कर ली थी कि निगम की बैठक में हम ये सवाल उठायेंगे और वो सवाल उठायेंगे। पार्षद विकास से जुड़े मुददों को लेकर अपना होमवर्क कर रहे थे। ये माना जा रहा था कि नवम्बर महीने में 28 तारीख को नगर निगम की बोर्ड बैठक हो सकती है। निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष चुने जाने के बाद से ही इस बात के कयास लगाये जा रहे थे कि अब नगर निगम की बोर्ड बैठक होगी। टैक्निकनी ये बताया भी जाता है कि कार्यकारिणी बैठक के बाद बोर्ड बैठक बुलाई जानी जरूरी है क्योंकि कार्यकारिणी में पारित हुए बजट पर मोहर तो बोर्ड बैठक में ही लगेगी।




लेकिन बताया जाता है कि बोर्ड बैठक फिलहाल टल गयी है। और इस बैठक को टालने के पीछे वजह कोई और नहीं एसआईआर अभियान है। इस समय मतदात सूचि गहन पुनरिक्षण अभियान चल रहा है और नगरायुक्त के नेतृत्व में पूरी टीमें इस अभियान में लगी हुई हैं। ये एक बड़ा काम है और नगरायुक्त ने बढ़कर इसकी जिम्मेदारी ली है। सभी बूथों पर अधिकारी लगाये हैं। निगम इस समय एसआईआर अभियान पर फोकस कर रहा है। वहीं एसआईआर अभियान में सबसे बड़ी सहभागिता और सहयोग निगम पार्षदों का है। हर वार्ड के पार्षद अपने अपने क्षेत्र में बीएलओ के साथ डोर टू डोर जा रहे हैं। इस अभियान में हिस्सा ले रहे हैं। बीएलओं को सहयोग कर रहे हैं। लिहाजा निगम के अफसर वाले छोर से लेकर जनप्रतिनिधि वाले छोर तक एसआईआर अभियान का जोर है। अब ये माना जा रहा है कि चार दिसम्बर को इस अभियान की समाप्ति के बाद ही निगम की बोर्ड बैठक होगी। हालाकि ये तय है कि निगम की बोर्ड बैठक दिसम्बर महीने में ही होगी। लेकिन फिलहाल एसआईआर अभियान के चलते निगम की बोर्ड बैठक टल गयी है। वहीं नगर निगम के लिए इस महीने में दो बड़ी उपलब्धि आयी हैं। नगर निगम गाजियाबाद को अवार्ड मिले हैं।

## नगर आयुक्त ने लखनऊ में 'विकसित उत्तर प्रदेश - विकसित भारत 2047' के लिए रखा विजन

### 2047 तक गाजियाबाद नगर निगम को पूर्णतः आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य : नगर आयुक्त





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गोमती नगर एक्सटेंशन स्थित नगरीय निकाय निदेशालय सभागार में विकसित उत्तर प्रदेश विकसित भारत @2047 कार्यक्रम में गाजियाबाद नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने शहर की विकास योजनाओं और भविष्य की रणनीति पर विस्तृत विचार रखे। कार्यक्रम में नगर आयुक्त ने बताया कि गाजियाबाद में स्मार्ट सिटी मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, सीएम ग्रिड, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स सहित कई प्रमुख परियोजनाएँ तेजी से आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि महापौर सुनिता दयाल के नेतृत्व में निगम आधुनिक तकनीक आधारित, पारदर्शी और हाईटेक कार्य-पद्धति की ओर अग्रसर है।

**2047 तक निगम बनेगा सबसे बेस्ट :** करंट क्राइम : नगर आयुक्त ने दावा किया कि 2047 के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए गाजियाबाद को आत्मनिर्भर और उत्तर प्रदेश का सर्वश्रेष्ठ नगर निकाय बनाने की दिशा में योजनाबद्ध प्रयास किए जा रहे हैं। शहर की प्रतिदिन की कार्यशैली में भी कई तकनीकी और प्रशासनिक सुधार लागू किए गए हैं जो भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप हैं।

### कार्यक्रम में रही प्रमुख हस्तियों की उपस्थिति

करंट क्राइम : कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर विकास मंत्री एके. शर्मा, नगर विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारी तथा नीति आयोग की प्रोजेक्ट डायरेक्टर अन्ना रॉय उपस्थित रहीं। नगर निकाय निदेशक अनुज कुमार झा द्वारा प्रदेश में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नगर निकायों को आमंत्रित किया गया था।

### अन्य नगर निकायों ने भी साझा की अपनी योजनाएं

करंट क्राइम : गाजियाबाद के साथ ही लखनऊ, गोरखपुर, प्रयागराज, झांसी और वाराणसी के नगर आयुक्तों ने भी आगामी वर्षों की विकास रूपरेखा प्रस्तुत की। मंत्री द्वारा सभी नगर निकायों को उत्साहवर्धन करते हुए कहा गया कि विकास की प्रतिस्पर्धा जनहित में बेहद महत्वपूर्ण है।

## शुरू हो गयी है मेयर चुनाव की तैयारी और एक्टिव हो गयी है दावेदारी

## सीट होगी इस बार मेल और समीकरण में भी दिखाई देगा एक नया खेल




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** चुनाव की तैयारी भले ही पंचायत वाली चल रही है। मतदाता सूचि का अपडेट लोकसभा को लेकर हो रहा है, विधानसभा को लेकर हो रहा है। भाजपा अपने संगठन को विधानसभा 2027 की तैयारी से जोड़कर चल रही है। लेकिन उत्तर प्रदेश में 16 शहरों में नगर निगम की बिसात बिछनी शुरू हो गयी है। यहां मेयर चुनाव को लेकर अभी से दावेदारों ने संघ वालों से लेकर संगठन वालों तक अभिवादन का सिलसिला शुरू कर दिया है। मेयर का चुनाव गाजियाबाद की दृष्टि में एक अहम चुनाव है। इसे मिनी लोकसभा का चुनाव माना जाता है। इसमें ढाई विधानसभायें आती हैं। गाजियाबाद में भी मेयर चुनाव के लिए तैयारी कर रहे चेहरों ने लखनऊ से लेकर दिल्ली तक अपनी भागदौड बढाई है। यूनियन वालों के दरवाजे पर भी कुछ चेहरे पहुंचे हैं। फिलहाल इसकी आहट आम लोगों तक नहीं है लेकिन खास लोगों ने अभी से फिल्डिंग लगानी शुरू कर दी है। यहां पर कौन सा चेहरा इस बार टिकट पाने में सफल होगा, कौन से चेहरे दावेदारी करेंगे इसको लेकर मंथन हो रहा है। अन्य चुनावों की तैयारी के साथ साथ मेयर चुनाव के लिए तैयारी भी शुरू हो गयी है और दावेदारी भी शुरू हो गयी है। बस इतना है कि अभी चेहरे खुलकर सामने नहीं आ रहे हैं। मगर जिन दरवाजों पर एक साल बाद माथा टेकना है। उन दरवाजों पर कुछ चेहरों ने अभी से दस्तक दे दी है।

### तीन बार बन चुकी हैं फीमेल तो इस बार क्या आयेगा चेहरा मेल

करंट क्राइम। नगर निगम के गठन के बाद से ही ये सीट भाजपा के पास है और यहां पर अगर समीकरण की बात करें तो तीन महिला मेयर बन चुकी हैं। तीनों ही महिलायें भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ी हैं। इनमें नगर निगम की गाजियाबाद की सबसे पहली मेयर स्वर्गीय दमयंती गोयल रहीं। इसके बाद महिला टिकट की बात करें तो आशा शर्मा चुनाव लड़ीं और रिकॉर्ड वोटों से चुनाव जीतीं और वर्तमान में सुनीता दयाल मेयर हैं। ये भी पहली बार हुआ कि जब लगातार मेयर सीट पर सामान्य वर्ग की महिला आरक्षित सीट रही। और अब ये माना जा रहा है कि लगातार दो बार महिला सीट रिपीट होने के बाद पुरूषों को मौका मिलेगा।

### वैश्य-ठाकुर-ब्राह्मण या फिर त्यागी

करंट क्राइम। मेयर चुनाव के लिए दावेदारी इंटरनली तेज चल रही है। ध्वज प्रणाम वालों के यहां से जो खबर बाहर निकली है वो ये है कि दावेदार इस बार किसी को हवा नही लगने देना चाहते। सवाल ये है कि कौन सी जाती का उम्मीदवार यहां टिकट पाने में सफल रहेगा। सूत्र बताते हैं कि एक लॉबी ने ये आवाज उठानी शुरू कर दी है कि एक टिकट के लिए कितनी बार वैश्य उम्मीदवार। वो ये बता रहे हैं कि दमयंती गोयल वैश्य फैक्टर से मेयर बनीं। उनसे पहले दो बार डीसी गर्ग लगातार नगर निगम के मेयर रहे और अब सुनीता दयाल वैश्य कोटे से मेयर हैं। ऐसे में ये सवाल आने वाले समय में उठेगा कि अन्य जाती के फैक्टर में किसे टिकट देना उचित रहेगा। यहां पर त्यागी समाज से भी दावेदारी आयेगी। यहां पर ठाकुर फैक्टर भी जोर लगा सकता है और ब्राह्मण समाज भी सामान्य सीट होने परअपनी दावेदारी करेगा। ऐसे में कौन चेहरा भाजपा का टिकट पाने में सफल रहेगा ये देखना रोचक रहेगा और कौन कौन से चेहरे यहां दावेदारी में आयेंगे ये भी पता चलेगा।

### सामान्य ओबीसी के बाद क्या आ सकता है एससी वर्ग का नम्बर

करंट क्राइम। नगर निगम का अगर इतिहास देखें तो यहां सामान्य वर्ग से कई मेयर बने हैं। स्वर्गीय डीसी गर्ग यहां जनरल कैटेगरी से मेयर रहे। दमयंती गोयल सामान्य वर्ग से मेयर रहीं। उसके बाद तेलुराम काम्बोज ओबीसी फैक्टर पर चुनाव लड़े , वो जीते और बीच कार्यकाल में उनकानिधन हो गया। उसके बाद यहां ओबीसी कैटैगरी में अशु वर्मा को टिकट मिला और उन्होंने बचा हुआ कार्यकाल पूरा किया। ओबीसी फैक्टर के बाद सामान्य वर्ग से आशा शर्मा चुनाव लड़ी और अब सामान्य कैटैगरी से सुनीता दयाल मेयर हैं। यहां तीन बार महिला मेयर रही हैं और तीनों ही सामान्य वर्ग से मेयर रही हैं। एक बार ओबीसी कोटे से टिकट मिला है और अब ये देखना है कि यहां क्या सामान्य वर्ग के लिए सीट आरक्षित होती है। या फिर यहां एससी वर्ग को भी चुनाव लड़ने का मौका मिलेगा।



# 'ऑपरेशन सिंदूर नागरिक और सैन्य तंत्र के बेहतरीन तालमेल का शानदार उदाहरण..', रक्षा मंत्री बोले






**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर नागरिक और सैन्य तंत्र के बेहतरीन तालमेल का शानदार उदाहरण है। उनके मुताबिक, इस ऑपरेशन में प्रशासन और सेना ने मिलकर अहम जानकारी लोगों तक पहुंचाई और उनमें भरोसा पैदा किया। राजनाथ सिंह उत्तराखंड के मसूरी में लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (एलबीएसएनएए) में 100वें सामान्य आधारभूत पाठ्यक्रम के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

राजनाथ सिंह ने युवा लोक सेवकों से कहा कि वे देश के हितों की रक्षा में अपनी अहम जिम्मेदारी समझें और कठिन परिस्थितियों में भी सैनिकों की तरह हमेशा तैयार रहें। उन्होंने दोहराया कि ऑपरेशन सिंदूर में प्रशासनिक मशीनरी और सेना ने बिना किसी बाधा के काम किया और जनता तक जरूरी जानकारी पहुंचाई, जिससे लोगों में भरोसा बढ़ा।

रक्षा मंत्री ने कहा कि इस ऑपरेशन के दौरान भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में मौजूद आतंकवादी ठिकानों को 'संतुलित और स्थिति न बढ़ाने वाले तरीके' से नष्ट किया। लेकिन पड़ोसी देश के व्यवहार ने सीमा पर हालात को सामान्य होने नहीं दिया। रक्षा मंत्री ने सैनिकों की बहादुरी की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों ने भी जरूरी सूचनाएं साझा करके और देशभर में मॉक ड्रिल करवाकर बहुत अहम भूमिका निभाई। राजनाथ सिंह ने कहा कि 2047 तक 'विकसित भारत' बनाने के लिए शासन और राष्ट्रीय सुरक्षा के बीच तालमेल और बढ़ाना जरूरी है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि लोकजनता के सेवक हैं, शासक नहीं। उनका व्यवहार ईमानदारी और निष्पक्षता से भरा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकसेवकों के काम में ऐसी संस्कृति दिखनी चाहिए, जहां ईमानदारी कोई विशेष नहीं, बल्कि रोजमर्रा का सामान्य हिस्सा हो। उन्होंने कहा कि यह तकनीक का दौर है और नए अधिकारी जनता की समस्याओं का हल तलाशने के लिए तकनीक का इस्तेमाल करें। तकनीक से लोगों तक पहुंच बढ़ेगी, पारदर्शिता आएगी और सभी वर्गों को लाभ मिलेगा।

### 'भारत के विकास में अहम भूमिका निभाएंगी महिलाएं'

उन्होंने यह भी कहा कि लोक सेवकों को हर नागरिक से सहानुभूति और समझ के साथ मिलना चाहिए। गरीब और कमजोर वर्गों से बात करते समय यह समझना चाहिए कि उनकी कठिनाइयां केवल उनकी अपनी कोशिशों की वजह से नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियों की वजह से भी होती हैं। राजनाथ सिंह ने लोक सेवाओं में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि इस बार की संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा में एक महिला ने पहला स्थान हासिल किया है और शीर्ष पांच में से तीन महिलाएं हैं। उन्होंने भरोसा जताया कि 2047 तक कई महिलाएं कैबिनेट सचिव के पद तक पहुंचेंगी और भारत के विकास में बड़ी भूमिका निभाएंगी।

### 'आत्मनिर्भर भारत बनाने में लोकसेवकों की अहम भूमिका'

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन' और 'सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन' के मंत्र का जिक्र किया और कहा कि भारत को आत्मनिर्भर और विकसित बनाने में लोक सेवकों की भूमिका बहुत अहम है। उन्होंने कहा कि 2014 में जब (भाजपा के नेतृत्व वाली) सरकार बनी थी, तब भारत दुनिया की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था। पिछले 9झ10 वर्षों में भारत चौथे नंबर पर पहुंच गया है। उन्होंने बताया कि मॉर्गन स्टेनली जैसी अंतरराष्ट्रीय संस्था भी कह रही है कि भारत अगले दोझतीन साल में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है।

# भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में हो गया भारी उलटफेर, RBI के लेटेस्ट आंकड़ों में जानें कितने पर आया स्वर्ण भंडार



**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक यानी आरबीआई द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, 21 नवंबर को समाप्त सप्ताह में देश के विदेशी मुद्रा भंडार में 4.472 अरब डॉलर की गिरावट दर्ज की गई। इसके साथ ही कुल भंडार घटकर 688.104 अरब डॉलर पर आ गया। यह कमी मुख्य रूप से सोने के भंडार के मूल्य में तेज गिरावट के कारण हुई।

पिछले सप्ताह, कुल फॉरेक्स रिजर्व में 5.543 अरब डॉलर की वृद्धि होकर यह 692.576 अरब डॉलर तक पहुंच गया था। आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, 21 नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा संपत्तियों, जो रिजर्व का सबसे बड़ा घटक हैं, में 1.69 अरब डॉलर की कमी हुई और यह 560.6 अरब डॉलर पर आ गईं।

विदेशी मुद्रा संपत्तियों में डॉलर के अलावा यूरो, पाउंड और येन जैसी अन्य मुद्राओं के अवमूल्यन या मूल्यवृद्धि का भी प्रभाव शामिल होता है। इसके अलावा, सप्ताह के दौरान सोने के भंडार के मूल्य में 2.675 अरब डॉलर की भारी गिरावट आई, जिससे यह घटकर 104.182 अरब डॉलर रह गया। स्पेशल ड्रॉइंग राइट्स में भी 84 मिलियन डॉलर की कमी दर्ज की गई, जिसके बाद यह 18.566 अरब डॉलर पर आ गया। आरबीआई के मुताबिक, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) भारत की रिजर्व पोजीशन में भी 23 मिलियन डॉलर की गिरावट हुई और यह घटकर 4.757 अरब डॉलर रह गई।

# नाबालिग को बेरहमी से पीटने का आरोप घटना सीसीटीवी में कैद

## स्थानीय लोगों ने की चौकी इंचार्ज पर कार्रवाई की मांग

### सिटी जोन के थाना वेव सिटी का मामला

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** क्षेत्र में कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालने वाले एक दरोगा का मामला गंभीर रूप से सामने आया है। वेव सिटी चौकी इंचार्ज पर तीन नाबालिग को लात-घूसों से पीटने का आरोप लगा है। पूरी घटना सोसाइटी के बाहर लगे सीसीटीवी में कैद हो चुकी है, जिसके बाहर आने के बाद लोगों में भारी आक्रोश है।

जानकारी के अनुसार, पीड़ित पास की ही एक सोसाइटी में आयोजित बर्थडे पार्टी में गए थे और रात को अपने घर लौट रहे थे। तीनों वेव सिटी क्षेत्र की सोसाइटी में रहते हैं। घर लौटते वक्त चौकी इंचार्ज ने इनको सोसाइटी गेट के पास रोक लिया। आरोप है कि पूछताछ के नाम पर दरोगा ने तीनों को बाहर सड़क पर ले जाकर धक्का-मुक्की शुरू की और देखते ही देखते लात-घूसों से हमला कर दिया। तीनों ने बार-बार हाथ जोड़कर माफी मांगते देखा गया, फिर भी दरोगा के हाथ नहीं रुके।



### सीसीटीवी फुटेज आया सामने

करंट क्राइम : सोसाइटी में लगे सीसीटीवी में यह पूरी घटना रिकॉर्ड हो गई है। फुटेज में स्पष्ट दिख रहा है कि दरोगा इनको पकड़ता है और फिर उन्हें बेरहमी से पीटता है। फुटेज सामने आते ही लोग पुलिस की इस अमानवीय हरकत से हैरान और नाराज हैं। परिजनों में जबरदस्त आक्रोश है। कहा जा रहा है कि बच्चे किसी भी विवाद में शामिल नहीं थे, वे सिर्फ पार्टी से घर लौट रहे थे। चौकी इंचार्ज ने बिना किसी कारण उन्हें रोका और पीटा, परिजनों ने पुलिस अधिकारियों से तत्काल सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### चौकी प्रभारी पर कार्रवाई की मांग तेज

करंट क्राइम : स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर बच्चों के साथ ऐसा व्यवहार एक पुलिस सब इंस्पेक्टर कर सकता है, तो आम नागरिक कितने सुरक्षित हैं। वहीं लोगों ने चौकी इंचार्ज के निलंबन और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। सोशल मीडिया पर भी यह मामला तेजी से वायरल हो रहा है।

# मिलिट्री ग्राउंड में थार गाड़ी का आतंक, स्टंट का वीडियो वायरल

## पुलिस ने शुरू की मामले की जांच



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विजयनगर थानाक्षेत्र के मिलिट्री ग्राउंड में थार गाड़ी चालक द्वारा खतरनाक स्टंट करते हुए धूल उड़ाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। शहर में यातायात माह चल रहा है, बावजूद इसके स्टंटबाजों पर पुलिस की चेतावनी का कोई असर दिखाई नहीं दे रहा है। बढ़ते वायु प्रदूषण के बीच ऐसे स्टंट स्थानीय लोगों के लिए गंभीर परेशानी का कारण बन रहे हैं। इसी कड़ी में एलिवेटेड रोड पर एक अन्य एसयूवी के स्टंट का वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ गई है। दोनों घटनाओं ने एक बार फिर सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर गाजियाबाद में स्टंटबाजों का आतंक कब थमेगा?

### पुलिस ने लिया संज्ञान, पहचान और गिरफ्तारी के लिए टीम गठित

**करंट क्राइम।** वायरल वीडियो सामने आने के बाद विजयनगर पुलिस ने मामले में कार्रवाई तेज कर दी है। पुलिस द्वारा की जा रही कार्रवाई में शामिल है। वीडियो के आधार पर थार और अन्य वाहन के नंबर की जांच। वाहन मालिक और चालक की तकनीकी माध्यमों से पहचान। स्टंट के लिए जिम्मेदार चालक की गिरफ्तारी हेतु टीम तैनात। मौके पर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि आरोपियों की पहचान होते ही धारा 279 (लापरवाही से वाहन चलाना), 336 (जीवन को खतरे में डालना) के साथ ही एमवी एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। संबंधित वाहनों को सीज किया जाएगा और चालक का ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित करने की कार्रवाई भी प्रस्तावित है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सार्वजनिक स्थानों पर स्टंट करना कानूनन अपराध है। वायरल वीडियो की जांच चल रही है और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### एनसीआर में बढ़ रहा थार स्टंट कल्चर, लोग पूछ रहें आखिर कब लगेगी लगाम?

**करंट क्राइम।** गाजियाबाद ही नहीं, बल्कि नोएडा, गुरुग्राम और दिल्ली में भी थार और एसयूवी चालकों के स्टंट के वीडियोज अक्सर वायरल होते रहते हैं। राहगीरों की जान को खतरे में डालने वाले ये स्टंटबाज अब स्थानीय लोगों के लिए सिरदर्द बन चुके हैं। लोगों का कहना है कि सड़कें रेसिंग ट्रैक नहीं हैं, लेकिन स्टंटबाजों की गुंडागर्दी लगातार बढ़ रही है। पुलिस को इन पर कड़ा अभियान चलाना चाहिए।

# एमबीए छात्रा की संदिग्ध हालात में मौत, कमरे में फंदे से लटका मिला शव

## पुलिस कर रही है सभी पहलुओं पर जांच



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विजयनगर क्षेत्र में शुक्रवार देर रात एक एमबीए छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। छात्रा का शव उसके किराए के कमरे में फंदे से लटका मिला। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार, प्रताप विहार में लोकेश चोपड़ा के मकान में 23 वर्षीय पूनम पुत्री चंद्रप्रकाश, किराए पर रहती थी। मूल रूप से एटा की रहने वाली पूनम गाजियाबाद स्थित एक कॉलेज से एमबीए कर रही थी और पढ़ाई के साथ नौकरी भी करती थी। उनके पिता इस समय फरीदाबाद के कल्याणपुरी क्षेत्र में रहते हैं।

शुक्रवार रात पूनम ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। शनिवार सुबह जब मकान मालिक ने कमरे का दरवाजा खुला देखा तो उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कमरे की जांच की और छात्रा के दस्तावेज तथा मोबाइल फोन को कब्जे में लिया। पुलिस के अनुसार, घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। मोबाइल की कॉल डिटेल खंगाली जा रही है और छात्रा के कॉलेज के सहपाठियों से पूछताछ भी की जा रही है। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

# 'बीएमडब्ल्यू, मर्सिडीज, लैंड रोवर...', एसबीआई कार लोन में करोड़ों की धोखाधड़ी का भंडाफोड़

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक (एसआईआर) ने वाहन लोन से जुड़ी बड़ी धोखाधड़ी का खुलासा किया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पुणे में 12 आवासों और दफ्तरों पर छापेमारी करते हुए कई लक्जरी कारें जब्त की हैं। इसके साथ ही कुछ दस्तावेज भी बरामद किए गए हैं।

ईडी की जांच में पता चला कि आरोपियों ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बैंक से कार लोन लिया और फिर बैंक को धोखा दे दिया। ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग अधिनियम के तहत छापेमारी की। इस दौरान स्इक के तत्कालीन ब्रांच मैनेजर रहे अमर कुलकर्णी के घर पर भी रेड पड़ी है।

### लक्जरी कारें जब्त

ईडी ने छापेमारी के दौरान बैंक से लोन लेने वाली अचल संपत्तियों की भी तलाश की। इस दौरान कई फर्जी दस्तावेज बरामद किए गए। साथ ही उनके आवास और दफ्तरों से करोड़ों की महंगी गाड़ियां भी मिली हैं। इनमें ऑडी, मर्सिडीज और लैंड रोवर जैसी लक्जरी कारें शामिल हैं।




### क्या है पूरा मामला?

दरअसल यह मामला 2017-2019 के बीच का है। पुणे में यूनिवर्सिटी रोड पर स्थित स्इकशाखा के प्रबंधक अजय कुलकर्णी थे। उनपर अपने पद का गलत इस्तेमाल करने का आरोप है। अजय पर आरोप है कि उन्होंने ऑटो लोन काउंसलर आदित्य सेठिया के साथ मिलकर धोखाधड़ी का पूरा खेल रचा था। उन्होंने महंगी कारों पर लोन देकर बैंक में फर्जी दस्तावेज जमा करवाए और बैंक को चकमा दिया था।

ईडी की जांच में पता चला है कि अजय कुलकर्णी ने दस्तावेजों की जांच किए बिना ही लोन पास कर दिया था। बैंक में जमा किए गए सभी दस्तावेज फर्जी थे। बैंक से लोन में मिले इन पैसों से इटह, मर्सिडीज, लैंड रोवर और वोल्वो जैसी कारें खरीदी गई थीं।

# संसद खेल महोत्सव: फिटनेस और प्रतिभा का संगम: अतुल गर्ग





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा के सेक्टर 11 में स्थित विद्या बाल भवन स्कूल में संसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। इस महोत्सव का उद्देश्य फिटनेस को बढ़ावा देना, प्रतिभाओं को खोजना और युवाओं को खेल के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सांसद अतुल गर्ग उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों को अभिप्रेरित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी अति आवश्यक है। इससे फिटनेस और खेल की संस्कृति को बढ़ावा मिलता है। इस महोत्सव में विभिन्न आयु वर्ग के लोगों ने भाग लिया और विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा दिखाई। बास्केटबॉल में विद्या बाल भवन की टीम विजेता रही, जबकि कबड्डी में भी विद्या बाल भवन की टीम विजेता रही। विजेता टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।



स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. हरिदत्त शर्मा ने इस पूरे महोत्सव के आयोजन के लिए समस्त गण को बधाई दी और जीवन में खेल के महत्व और उसकी उपयोगिता के बारे में बताया। कार्यक्रम के लोकसभा संयोजक पप्पू पहलवान पार्षद राहुल शर्मा पार्षद सत्येंद्र चौधरी अनिल शर्मा हरमीत बक्शी श्याम शर्मा आदि मौजूद रहे।

# असम के नगांव में चला बेदखली अभियान, करीब 1500 परिवार हुए प्रभावित

**असम।** असम के नगांव जिले में शनिवार को एक बड़ा बेदखली अभियान शुरू किया गया। इस अभियान का उद्देश्य लगभग 795 हेक्टेयर आरक्षित वन भूमि को खाली कराना है, जहां करीब 1,500 परिवार वर्षों से रह रहे थे। सुबह से ही लुटीमारी इलाके में भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच यह कार्रवाई शुरू हुई।

अधिकारियों के अनुसार, प्रशासन ने तीन महीने पहले ही लोगों को नोटिस देकर इलाके खाली करने को कहा था। शुरूआत में दो महीने की समय सीमा दी गई थी। बाद में निवासियों के अनुरोध पर प्रशासन ने एक महीने का अतिरिक्त समय भी दिया।

### 1100 परिवारों ने पहले ही छोड़ दिया था घर

जानकारी के मुताबिक, अब तक 1100 से अधिक परिवार अपने घरों को खुद ही तोड़कर सामान लेकर हट चुके हैं। इनमें पक्के और कच्चे दोनों तरह के घर शामिल हैं। बाकी बचे घरों को प्रशासन की तरफ से हटाया जा रहा है।

# श्रीलंका में भारी तबाही के बीच एनडीआरएफ की टीम, मदद एवं बचाव कार्य में जुटी

**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** श्रीलंका में आए भयंकर साइक्लोन के कारण व्यापक तबाही, बाढ़ और भूस्खलन के बाद भारत ने तुरंत ऑपरेशन सागर बंधु के तहत राहत अभियान शुरू किया। भारत सरकार के निर्देश पर राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की 80 सदस्यीय अत्याधुनिक टीम शनिवार सुबह चार बजे बजे हिण्डन एयरबेस से कोलंबो के लिए रवाना हुई। टीम को ऑपरेशन की आवश्यकता के अनुसार दो हिस्सों में विभाजित किया गया है, प्रत्येक में 40 प्रशिक्षित रेस्क्यू कर्मी और 2-2 डॉग स्क्वॉड शामिल हैं।

यह दल सभी आवश्यक उपकरणों से लैस है, जिनमें कटिंग-लिफ्टिंग टूल्स, कम्युनिकेशन सिस्टम, मेडिकल सपोर्ट और सुरक्षा गियर शामिल हैं। अभियान का नेतृत्व श्री प्रवीण कुमार तिवारी, कमांडेंट, 8वीं बटालियन एनडीआरएफ गाज़ियाबाद




कर रहे हैं, जिनका आपदा संचालन में व्यापक अनुभव है। श्रीलंका पहुँचते ही टीम ने स्थानीय प्रशासन और आपदा प्रतिक्रिया एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए तुरंत राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ कर दिया। अब तक एनडीआरएफ रेस्क्यू टीमों ने 30 से अधिक प्रभावित व्यक्तियों को सुरक्षित निकाला है। खोज, बचाव और मानवीय सहायता गतिविधियाँ लगातार जारी हैं। भारत द्वारा प्रदान की जा रही यह त्वरित सहायता दोनों देशों के बीच मानवीय सहयोग, आपसी विश्वास और क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन साझेदारी को और मजबूत बनाती है।

# बच्चों के मोबाइल चलाने, एक व्यक्ति के नाम पर 3 सिम से ज्यादा नहीं, नेटबैंकिंग, यूपीआई पर राजस्थान हाई कोर्ट का बड़ा फैसला

**राजस्थान।** साइबर ठगी और ऑनलाइन अपराध के मामले इन दिनों बढ़ते जा रहे हैं। साइबर अपराध इन दिनों देश की सबसे बड़ी समस्या बन गया है। सारबर ठगी और अपराधों पर नियंत्रण के लिए राजस्थान हाई कोर्ट की ओर से एक बहुत ही महत्वपूर्ण फैसला सुनाया गया है। अपने इस फैसले में राजस्थान हाई कोर्ट ने कई निर्देश दिए हैं। जैसे कि किसी व्यक्ति के नाम पर 3 से अधिक सिम जारी नहीं करना, बच्चों के सोशल-मीडिया इस्तेमाल करने के गाइडलाइन आदि।

बता दें कि राजस्थान के जोधपुर हाई कोर्ट ने 84 साल के एक बुजुर्ग दंपती से 2 करोड़ की साइबर ठगी करने वाले दो आरोपियों की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए ये सभी निर्रेश जारी किए हैं। साथ ही कोर्ट ने आरोपियों की याचिका भी खारिज कर दी है। जोधपुर हाई कोर्ट के जस्टिस रवि चिरानिया ने सरकार, पुलिस और




बैंकों के लिए यह निर्देश जारी किए हैं।

जोधपुर हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि (I4C) की तर्ज पर राजस्थान में (I4C) की स्थापना की जाए।

गृह विभाग और कार्मिक विभाग को मिलकर डीजी साइबर के अधीन स्पेशल आईटी इंस्पेक्टर की भर्ती की जाएगी।

ये इंस्पेक्टर सिर्फ साइबर मामलों की जांच करेंगे। साथ ही इनका दूसरे विभाग में ट्रांसफर नहीं किया जाएगा।

कोर्ट ने आदेश दिया कि सभी बैंक और फिनटेक कंपनियां म्यूल अकाउंट और संदिग्ध ट्रांजैक्शन पकड़ने के लिए आरबीआई की ओर से डवलप किए गए एआई टूल्स का उपयोग अवश्य करें।

### इंटरनेट और मोबाइल चलाने को लेकर गाइडलाइन बनाने के निर्देश

जोधपुर हाईकोर्ट ने मामले में सुनवाई करते हुए अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) को निर्देश दिया। जिसमें कहा कि वे भारतीय साइबर क्राइम को-ऑर्डिनेशन सेंटर (I4C) की तर्ज पर राजस्थान साइबर क्राइम कंट्रोल सेंटर (R4C) की स्थापना करें। 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए स्कूल में मोबाइल, ऑनलाइन गेम्स और सोशल मीडिया के इस्तेमाल लेकर एसओपी बनाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कोर्ट ने किसी भी व्यक्ति के नाम पर 3 से अधिक सिम कार्ड जारी नहीं करने का आदेश दिया।

### इंटरनेट बैंकिंग और यूपीआई को नियंत्रित करने के निर्देश

इसके साथ ही हाई कोर्ट ने इंटरनेट बैंकिंग को लेकर भी आदेश जारी किया है। कोर्ट ने कहा जिन खाताधारकों का सालाना ट्रांजैक्शन 50 हजार रुपए से कम है या जिनकी डिजिटल साक्षरता कम है, ऐसे ग्राहकों की इंटरनेट बैंकिंग और यूपीआई लीमिट को नियंत्रित किया जाए।

### डिजिटल अरेस्ट को लेकर एसओपी बनाने के निर्देश

हाई कोर्ट ने अपने फैसले में डिजिटल अरेस्ट को लेकर भी चिंता जतायी है। हाई कोर्ट की ओर से डिजिटल अरेस्ट से बचने के लिए भी अगल से एसओपी बनाने के निर्देश दिए गए हैं। कोर्ट ने सभी बैंक, वित्तीय संस्थान और फिनटेक कंपनियों को इस संबंध में संयुक्त एसओपी जारी करने के निर्देश दिए हैं।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। रविवार 30 नवम्बर -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# बेहतर कार्य करने वाले बीएलओ हुए सम्मानित

# मोदी नगर विधानसभा में हो रहा है सबसे बेहतर कार्य

## आज भी घर-घर पहुंचेंगे बीएलओ








**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बीएलओ को जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया।

समयबद्ध तरीके से घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित करने और अपडेट पूरा कराने में इन बीएलओ ने बेहतरीन कार्य किया है। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को गति देने के लिए जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ ने बेहतर कार्य करने वाले बीएलओ को सम्मानित किया। समय पर और प्रभावी ढंग से गणना प्रपत्र वितरण व संग्रहण करने वाले इन बीएलओ ने पुनरीक्षण अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में मोदीनगर विधानसभा अव्वल

करंट क्राइम : मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में मोदीनगर विधानसभा लगातार शीर्ष पर बनी हुई है। यहां की प्रगति अब तक सभी विधानसभाओं से अधिक दर्ज की गई है, जिससे यह क्षेत्र जिले में टॉप पर है। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार जनपद में एसआईआर की कुल प्रगति 36.87% है, जबकि मोदीनगर विधानसभा 52.68% के साथ पूरे जिले में पहले स्थान पर है।

### विधानसभावार प्रगति (29/11/2025 सुबह 10 बजे तक)

| विधानसभा | कुल बीएलओ | प्रगति (%) |
|---|---|---|
| 53- लोनी | 530 | 38.22% |
| 54 - मुरादनगर | 522 | 43.74% |
| 55 - साहिबाबाद | 1139 | 27.39% |
| 56 - सदर | 511 | 38.36% |
| 57 - मोदीनगर | 387 | 52.68% (टॉप) |

जनपद में कुल 3089 बीएलओ के साथ ही धौलाना क्षेत्र में 135 बीएलओ एसआईआर-2026 का कार्य कर रहे हैं।बेहतर प्रदर्शन करने वाले बीएलओ को सम्मानित किया गया है। वहीं जिलाधिकारी ने घोषणा के अनुसार उत्कृष्ट कार्य करने वाले 9 बीएलओ व 1 कंप्यूटर ऑपरेटर को सम्मानित किया गया है।

### रविवार को भी घर-घर पहुंचेंगे बीएलओ : डीएम का निर्देश

करंट क्राइम : जिलाधिकारी रविंद्र कुमार माँदड़ ने निर्देश दिए हैं कि रविवार को भी सभी बीएलओ अपने—अपने बूथों पर रहकर घर-घर पहुँचकर गणना प्रपत्रों का सत्यापन और संग्रहण कार्य करेंगे। उन्होंने दोहराया कि किसी भी मतदाता का नाम सूची से छूटना नहीं चाहिए और अभियान को पूर्ण गति से चलाया जाए।

### सम्मानित बीएलओ

| नाम | पुरस्कार राशि |
|---|---|
| पूजा रानी | 10,000 (प्रथम पुरस्कार) |
| शालिनी अग्रवाल | 5,000 |
| पूनम शर्मा | 5,000 |
| अनुष्का चौधरी | 5,000 |
| विपिन कुमार गौड़ | 5,000 |
| शिवलली | 5,000 |
| प्रतीक्षा अग्रवाल | 5,000 |
| ममता सिंह | 5,000 |
| शीतल चौधरी | 5,000 |
| कंप्यूटर ऑपरेटर (1) | |

### बेहतर प्रदर्शन पर मिलेगा फाइव-स्टार होटल में स्टे का इनाम

करंट क्राइम : अधिकारियों के अनुसार, मतदाता सूची पुननिरीक्षण अभियान को सफल बनाने के लिए कई योजनाएं और प्रयास चलाए जा रहे हैं। सिटी मजिस्ट्रेट एवं निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी डॉ. संतोष कुमार उपाध्याय ने बताया कि इस अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बीएलओ को 5 या 7 स्टार होटल में दो दिन का शानदार पारिवारिक पैकेज भेंट किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य बीएलओ को यह एहसास दिलाना है कि यह केवल ड्यूटी नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है, ताकि अभियान और कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न किया जा सके।

## नगर निगम ने एसआईआर की ली जिम्मेदारी हर बूथ पर मिलेंगे निगम के अधिकारी

### मतदाताओं की पहचान व एसआईआर फॉर्म भरवाने में निगम दे रहा बीएलओ को सहयोग : जिला निर्वाचन अधिकारी





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद नगर निगम द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत मतदाताओं और बीएलओ को पूरा सहयोग दिया जा रहा है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग के सफाई नायक, सेनेटरी इंस्पेक्टर तथा अन्य विभागीय टीमों को भी सहयोग हेतु लगाया गया है। नगर आयुक्त ने बूथवार वरिष्ठ प्रभारी नियुक्त किए हैं, जबकि जोनल प्रभारी अपने क्षेत्रों में मतदाताओं की सहायता कर रहे हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निगम और बीएलओ के बीच समन्वय से अभियान की गति तेज हुई है। मतदाताओं को रक्क्रफॉर्म सही ढंग से भरने की जानकारी दी जा रही है और उनकी पहचान सुनिश्चित करने में भी टीम सहयोग कर रही है।

अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी के रूप में नगर आयुक्त ने अपर नगर आयुक्त व विभागीय अधिकारियों को मॉनिटरिंग के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में अधिकारियों ने विभिन्न क्षेत्रों में निरीक्षण किया।

### इन स्थानों पर पहुंचे अधिकारी

- अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार ने अर्थला और संजय कॉलोनी में मॉनिटरिंग की।
- अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव ने नंदग्राम के 25 बूथों का दौरा किया।
- डॉ. अनुज, उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, ने इंदिरापुरम क्षेत्र में कार्यों की समीक्षा की।

निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता विपुल और देशराज ने शहीद नगर के बूथों पर बीएलओ को सहयोग दिया। वार्ड स्तर पर सफाई नायक घर-घर जाकर समय से एसआइआर फॉर्म एकत्र कर रहे हैं। तेज गति से कार्य करने वाले बीएलओ की प्रशंसा करते हुए अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी ने उनका उत्साहवर्धन किया। नगर आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो, और आवश्यकता के अनुसार मौके पर निर्णय लेकर अभियान की रफ्तार बढ़ाई जाए।

## स्टेज पर चढ़ने के दौरान पैर फिसलने से घायल हुए जिलाध्यक्ष

### रालोद नेताओं ने कराया उपचार और पहुंचाया घर



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** रालोद के गाजियाबाद जिलाध्यक्ष रामपाल चौधरी दनकौर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान स्टेज पर लगी सीढ़ियों से नीचे गिर पड़े। उन्हें तत्काल ही उपचार के लिए गाजियाबाद लाया गया। किसान इंटर कॉलेज दनकौर में इनडोर स्टेडियम का शिलान्यास करने रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी आये थे। इसी दौरान रालोद के गाजियाबाद जिलाध्यक्ष रामपाल चौधरी मंच पर चढ़ रहे थे। तभी अचानक उनका पैर फिसल गया और वो सीढ़ी से नीचे आ गिरे।

वह लगभग 8 फुट की ऊंचाई से नीचे गिरे। तत्काल ही रालोद नेताओं ने उन्हें उपचार के लिए नजदीक के अस्पताल पहुंचाया। रालोद के पूर्व अध्यक्ष अरूण चौधरी भुल्लन ने इस पूरी घटना की जानकारी देते हुए कहा कि अध्यक्ष रामपाल चौधरी को पहले गाजियाबाद लाये और यहां फिर उनके अनुरोध पर उन्हें मोदीनगर स्थित उनके घर पर पहुंचाया गया। उन्होंने कहा कि ये गनीमत रही कि उनके कोई गम्भीर चोट नहीं लगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने भी तत्काल उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली

## कौन-सी थीम पर घोषित होने जा रही है महानगर की टीम महामंत्री से लेकर उपाध्यक्ष तक किसका पूरा होने जा रहा है ड्रीम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महानगर अध्यक्ष घोषित हो गये, जिलाध्यक्ष घोषित हो गये मगर सेनापति के पास अपनी टीम नही है। वो पुरानी टीम से ही काम चला रहे हैं। संगठन के जितने भी आयाम आ रहे हैं उन सभी में पुराने अध्यक्ष वाली टीम के सिपासलार ही काम आ रहे हैं। महानगर की टीम घोषित होनी है मगर अब इंतजार करते करते दावेदार भी थक चुके हैं। अनुमान तो ये लगाया जा रहा है कि होली के आस-पास ही टीम की घोषणा होगी। नाम कब फाईनल होंगे ये पता नहीं है और भाजपा के सूत्र बताते हैं कि यहां पहले भेजी गयी लिस्ट में परिवर्तन का ट्विस्ट है। कहने वाले ये भी कह रहे हैं कि कप्तान के तो केवल तीन नाम आयेंगे और बाकी टीम का सलेक्शन लखनऊ और दिल्ली वाले बोर्ड से होकर आयेगा। यहां पर सबसे ज्यादा फोकस महामंत्री पद को लेकर है। महामंत्री का पद भाजपा में अहम माना जाता है। मौजूदा समय में यहां पप्पू पहलवान महामंत्री हैं। उनके अलावा राजेश त्यागी, सुशील गौतम, गोपाल अग्रवाल महामंत्री हैं। जातिगत फैक्टर से देखें तो इसमें ओबीसी , दलित, त्यागी और वैश्य का समावेश है। अब अगर इसी पैटर्न पर महामंत्री आने हैं तो गुर्जर समाज से कौन होगा, जाट समाज से कौन होगा। इसी तरह दलित फैक्टर पर सुशील गौतम फिर से रिपीट होंगे या फिर से कोई नया चेहरा होगा। वैश्य समाज से कौन होगा ये एक सवाल है। इसी तरह ये सभी समीकरण महानगर उपाध्यक्ष, महानगर मंत्री सहित अन्य पदों पर भी होंगे। ऐसे में यहां एक रोचक स्थिति ये बन रही है कि महानगर कीटीम कौन सी थीम पर आयोजित होगी और इस थीम में किस किस का ड्रीम पूरा होगा। टीम में महिला चेहरों की बात करें तो रनीता सिंह महानगर उपाध्यक्ष हैं। वो ठाकुर समाज से आती हैं और ऐसे में इस पद को कौन रिप्लेस करेगा। ऐसे में महिला चेहरा अगर आयेगा तो वो कौन से समाज से होगा। सूत्र बताते हैं कि कई फीमेल फेस अपना अपना बेस बनाने में लगे हुए हैं। अब इंतजार धीरे धीरे बढ़ रहा है और जैसे जैसे मौसम का पारा घटेगा , वैसे वैसे महानगर की टीम में आने के लिए दावेदारी का पारा बढ जायेगा। बस देखना यही है कि महानगर की टीम के लिए संस्तुति वाली रेल कहां से चलेगी। इसमें प्रदेश वालों की कितनी वीटो लगेगी। संघ वालों की संस्तुति कितनी कारगर रहेगी। दिल्ली वालों का कितना दखल रहेगा और क्षेत्रीय वालों के कहने पर किसका नाम जुड़ेगा।

### विधायक खेमे के चेहरे रखें होप या खत्म हो रहा है उनका स्कोप

करंट क्राइम। टीम घोषित होनी है और टीम में शामिल होने के लिए सब अपने अपने स्तर पर जोर लगा रहे हें। सूत्र बताते हैं कि इस बार कई चेहरों को रिपीट होने का मौका नहीं मिलेगा। यहां पर इसकी एक वजह विधायक फैक्टर भी बताया जाता है। बताते हैं कि मुराद वालों का आशीर्वाद जिन पर रहेगा उनकी मुराद पूरी हो सकती है। टीम में नदिया पार वालों को भी मौका मिलेगा। लेकिन यहां इग्रोर वाला कहर शहर वाले कोटे से आ सकता है। सूत्र बताते हैं कि विधायक जी के खास चेहरों को टीम वाले मामले में उदास होना पड़ सकता है। हालाकि यहां उम्मीदें अंत तक रहेंगी। क्योंकि अगर नामों के आगे सांसद वीटो लग गयी तो फिर इसके इफैक्ट दिखाई देंगे। परन्तु यहां भी यक्ष प्रश्न यही है कि सांसद जी टीम के गठित होने के समय इस मामले में कितनी रूचि लेते हें। सांसद की रूची पर महानगर की सूचि में ट्विस्ट आने के पूरे चांस हैं।

### जैसे मंडल वालों के लिए अड़े थे कैबिनेट, क्या इस बार भी देंगे उतना ही वेट

करंट क्राइम। महानगर की टीम में हर कोई अपना नाम चाहता है। सभी टीम में आना चाहते हैं परन्तु संगठन अपने विवेक का इस्तेमाल करेगा। ये भी तय है कि टीम में केवल एक चेहरे की नहीं चलेगी। इसमें कोई सांसद कानाम होगा, कोई विधायक का नाम होगा, किसी के लिए दिल्ली से फोन आयेगा तो कोई नाम लखनऊ से जुड़ेगा। संघ वालों के सुझाव गये नाम भी अहम रहेंगे। परन्तु यहां पर सबकी नजर नदियापार वाले नामों पर रहेगी। वहां जब मंडल अध्यक्षों की सूची जारी हुई तो पता चला कि दस में से दस नाम हैवी वेट वालों के ही हैं। उनके बारे में ये कहा जाता है कि वो अपनी टीम के कर्मठ चेहरों के लिए अड़ना जानते हैं। अपनी टीम के लोगों के लिए लड़ना जानते हैं। लिहाजा इस बार भी यही फोकस रहेगा कि जिस तरह से उन्होंने मंडल में जोर दिखाया था क्या इस बार वो महानगर की टीम में अपने चेहरों के लिए जोर दिखायेंगे। सूत्र बताते हैं कि अगर कैबिनेट वालों ने दम दिखाया तो एक महामंत्री, एक उपाध्यक्ष और एक महिला का नाम महानगर की टीम में नदिया पार से आयेगा।

## डीएम ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण









**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने शनिवार विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई तथा रखरखाव की स्थिति की समीक्षा के उद्देश्य से किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयरहाउस की सीसीटीवी व्यवस्था, सुरक्षा मानकों, साफ-सफाई और रखरखाव का विस्तृत अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि ईवीएम वेयरहाउस में सुरक्षा व्यवस्थाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ दुरुस्त रखा जाए तथा निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निदेशों का नियमित अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि ईवीएम वेयरहाउस में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय-समय पर जांची जाएं ताकि किसी प्रकार की कमी न रह जाए। निरीक्षण के दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों में बीजेपी से सुभाष चन्द्र शर्मा, समाजवादी पार्टी से ताहिर हुसैन, कांग्रेस पार्टी से राजेन्द्र शर्मा, तथा बीएपी से मनोज कुमार सहित निर्वाचन विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## साइबर सेल इंदिरापुरम ने पीड़ित को 2 लाख 85 हजार वापस करवाए



**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम :** साइबर थाना इंदिरापुरम पुलिस ने ऑनलाइन साइबर ठगी के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ित की 2,85,000 की पूरी धनराशि वापस दिलाकर सफलता हासिल की है।

मिली जानकारी के अनुसार एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से नरेश ने शिकायत दर्ज कराई थी कि ऑनलाइन इंटरनेट बैंकिंग के जरिए अज्ञात साइबर ठगों ने उनके खाते से कुल 2,85,000 ट्रांसफर कर लिए। शिकायत प्राप्त होते ही साइबर सेल टीम ने तुरंत सक्रिय होकर संबंधित बैंकों को पत्राचार कर लेनदेन को होल्ड कराया। लगातार निगरानी, नजदीकी फॉलोअप और अथक प्रयासों के बाद पुलिस टीम ने 29 नवंबर 2025 को पीड़ित की पूरी धनराशि सुरक्षित रूप से वापस दिलवा दी।

साइबर सेल थाना इंदिरापुरम की यह कार्रवाई साइबर अपराधों के खिलाफ पुलिस की सक्रियता और प्रतिबद्धता को दशार्ती है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत एनसीआरपी पोर्टल या नजदीकी साइबर थाने में दें।

## संपादकीय

### आदेश

सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में एक निर्णय में कहा है कि अहमदाबाद की कंपनी स्टर्लिंग बायोटेक के भगोड़े प्रवर्तक नितिन और चेतन संदेसरा अगर 17 दिसंबर तक 5,100 करोड़ रुपये की राशि जमा करते हैं तो उनके खिलाफ सभी आपराधिक मामले बंद कर दिए जाएं। यह आदेश उन कारोबारियों के साथ व्यवहार को लेकर अहम सवाल उठाता है जो जनता का पैसा लेकर फरार हो जाते हैं। यह आदेश उस एकमुश्त निपटान का उल्लेख करता है जिसके तहत प्रवर्तकों ने बैंकों के एक समूह को बकाया राशि चुकाने पर सहमति जताई थी।

इसके बदले राज्य उनके विरुद्ध सभी आपराधिक कार्रवाइयों, जिसमें आर्थिक अपराधी के रूप में उनकी पहचान शामिल है, को समाप्त कर देगा। ये दोनों भाई साल 2017 में अल्बानियाई पासपोर्ट पर भारत से फरार हो गए थे और नाइजीरिया में तेल व गैस का कारोबार चला रहे थे। इनके खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो, प्रवर्तन निदेशालय, गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय और आयकर विभाग जैसी कई एजेंसियों द्वारा दर्ज मामलों की लंबी सूची है।

यह आदेश कुछ अहम नैतिक सवाल उठाता है। आदेश में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि चूंकि सार्वजनिक धन कर्जदाताओं को लौटाया जा रहा है इसलिए आपराधिक कार्रवाई जारी रखने से कोई हित सधने वाला नहीं है। यह दलील एक तरह से अपराधों की आपराधिकता को खत्म करती है। यह व्यावहारिक हो सकती है लेकिन इसे ईमानदारी के संदर्भों में उचित ठहराना मुश्किल है जबकि वह स्वस्थ कारोबारी माहौल का आधार है। यह आदेश एक तरह से देनदारी से बचने वालों को पुरस्कृत करता है और प्रभावशाली कर्जधारकों के लिए समय पर या कभी भी कर्ज चुकाने की प्रेरणा को कमजोर बनाता है।

वास्तव में आदेश को संदेसरा बंधुओं के लिए एक अप्रत्याशित लाभ कहा जा सकता है क्योंकि यह उनके द्वारा जानबूझकर की गई धोखाधड़ी और गबन जैसे अपराधों के लिए आर्थिक दंड नहीं लगाता। वह न तो धन शोधन रोधी अधिनियम के तहत ऐसा करता है और न ही भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम के तहत। सीबीआई के अनुसार, भारतीय बैंकों की बकाया राशि लगभग 5,383 करोड़ रुपये थी, जिसे प्रवर्तकों ने मुख्य रूप से शेल कंपनियों के माध्यम से विदेश में स्थानांतरित कर दिया था।

इसका इस्तेमाल नाइजीरिया में कारोबार खड़ा करने और निजी विलासिता, जैसे निजी जेट और लग्जरी अचल संपत्ति खरीदने के लिए किया जाना था। वे पहले ही एक अन्य कानूनी प्रक्रिया के दौरान लगभग 3,507 करोड़ रुपये जमा कर चुके हैं, और दिवाला प्रक्रिया के तहत कर्जदाताओं ने लगभग 1,192 करोड़ रुपये की वसूली की है, जिससे निपटान राशि में एक तरह का दंड शामिल होता है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- टमाटर लाइकोपीन में समृद्ध होते हैं, एक एंटीऑक्सिडेंट जो हृदय के लिए अच्छा होता है और कुछ कैंसर के खिलाफ प्रभावी होता है। कच्चे टमाटरों की तुलना में पके हुए टमाटर वास्तव में आपके लिए बेहतर होते हैं, क्योंकि अधिक फायदेमंद रसायनों को छोड़ दिया जाता है। टमाटर में विटामिन ए और सी, कैल्शियम, पोटेशियम भरपूर मात्रा में होता हैं।
- न्यूट्रीकल्चर लिमिटेड, मावेस्ले, लंकाशायर, ब्रिटेन द्वारा उगाए गए पौधे जिसे गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड 11 मई 2000 के अनुसार सबसे लंबा टमाटर पौधा जो 65 फीट की ऊंचाई पर पहुंच गया था।
- साल 2012 में मिस्र की यात्रा के दौरान, हिलेरी क्लिंटन का टमाटर और जूते के साथ स्वागत हुआ।
- टमाटर कई अलग-अलग तरीकों से खाया जाता है।
- एक इतालवी एनजीओ ने जाम्बियाई लोगों को कृषि की कमी वाले उपजाऊ घाटी में टमाटर को कैसे विकसित करना है, स्थानीय लोगों को भुगतान करने और भोजन उगाने के लिए उन्हें सिखाने का फैसला किया। जब टमाटर बड़े और परिपक्व हो गए, तो 200 हिप्पो नदी से निकल आए और सबकुछ खा लिया।

# जीडीपी : भारत की अर्थव्यवस्था रफ्तार पर

## '8.2% जीडीपी दर ने आलोचनाओं को किया खारिज' : पीयूष गोयल

**नई दिल्ली।** वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने जारी हुई जीडीपी आंकड़ों को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि सरकारी सुधारों और विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने से दूसरी तिमाही में 8.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई। गोयल ने दावा किया कि व्यापार मोर्चे पर वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद देश का निर्यात अच्छी वृद्धि दर्ज कर रहा है।






**विकास के आंकड़ों ने दूसरों के दावों को खारिज किया :** केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि विकास के आंकड़ों ने कुछ वर्गों की ओर से किए गए दावों को खारिज कर दिया है। यह दशार्ता है कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है। हम निरंतर वृद्धि देखना जारी रखेंगे।

**जीएसटी में भी मजबूत वृद्धि दर्ज की गई :** गोयल ने बताया कि भारत के जीएसटी में भी इस वित्त वर्ष में अप्रैल-अक्तूबर के दौरान उच्च वृद्धि दर्ज की गई है। इस दौरान वस्तु निर्यात मामूली रूप से 0.63 प्रतिशत बढ़कर 254.25 अरब डॉलर हो गया, व आयात 6.37 प्रतिशत बढ़कर 451.08 अरब डॉलर हो गया। इस वित्तीय वर्ष के पहले नौ महीनों के दौरान, सेवाओं का निर्यात 237.55 अरब डॉलर रहा, वहीं अप्रैल-अक्तूबर 2024 में यह 216.45 अरब डॉलर था।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, जीडीपी में 8.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो कि इससे पूर्व अप्रैल-जून तिमाही में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि के बाद आई है। इससे भारत को विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था का खिताब बरकरार रखने में मदद मिली है।

**त्योहारों से पहले बढ़ी खपत और जीएसटी सुधारों से मांग में आई मजबूती :** यह उछाल त्योहारों से पहले बढ़ी खपत और हाल में लागू जीएसटी सुधारों से संभव हुआ, जिसने बाजार में अतिरिक्त मांग पैदा की और आर्थिक गतिविधियों को गति दी। यह विस्तार, चीन के 4.8 प्रतिशत से अधिक रहा। यह उच्च सार्वजनिक निवेश, सेवाओं की मांग, औद्योगिक उत्पादन और फर्म उपभोग के अलावा निम्न आधार के सांख्यिकीय प्रभावों (पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में अर्थव्यवस्था औसत से कम 5.6 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी) के कारण हुआ।

विनिर्माण उत्पादन में 9.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि पिछली तिमाही में यह 7.7 प्रतिशत और पिछले वर्ष की समान तिमाही में 7.6 प्रतिशत थी। वहीं निर्माण क्षेत्र में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि पिछली तिमाही में यह 7.6 प्रतिशत थी।

### भारत-म्यांमार ड्रग रैकेट केस में बड़ा खुलासा

## भारतीयों के जीएसटी विवरण का पड़ोसी देश में हुआ गलत इस्तेमाल



**नई दिल्ली।** क्रॉस-बॉर्डर नारकोटिक्स तस्करी की जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। ईडी ने बताया कि म्यांमार मूल के लोगों ने भारतीय नागरिकों के जीएसटी प्रमाण पत्रों का दुरुपयोग कर ड्रग्स बनाने के लिए जरूरी कच्चा माल खरीदा।

**भारत-म्यांमार सीमा पर ली गई पहली बार तलाशी :** यह खुलासा एजेंसी की उस कार्रवाई के दौरान सामने आया है, जब ड्रग्स तस्करी से जुड़े धन शोधन मामले में भारत-म्यांमार सीमा पर पहली बार तलाशी ली गई थी।

ईडी ने 27 नवंबर को अपनी इस विशेष कार्रवाई के तहत मिजोरम के आइजोल और चंपाई (भारत-म्यांमार बॉर्डर) में कई ठिकानों पर छापेमारी की। इसके अलावा असम के करीमगंज जिले के श्रीभूमि क्षेत्र और गुजरात के अहमदाबाद में भी तलाशी ली गई।

**जांच में क्या आया सामने? :** तलाशी के दौरान जुटाए गए सबूतों से पता चला है कि भारतीय नागरिकों ने म्यांमार के लोगों के लिए सूडोइफेड्रिन टैबलेट और कैफीन एन्हाइड्रस खरीदे। इन रसायनों का उपयोग सीमापार मेथामफेटामिन जैसी सिंथेटिक ड्रग्स के उत्पादन में किया जाता है।

**ड्रग्स तस्करी के अलावा अवैध वित्तीय लेनदेन और धन शोधन का भी आरोप :** एजेंसी के अनुसार, यह नेटवर्क न केवल ड्रग्स की तस्करी में शामिल था, बल्कि अवैध वित्तीय लेनदेन और धन शोधन के जरिए इसकी कमाई को भी छिपाया जा रहा था। जांच में यह भी सामने आया कि म्यांमार नागरिकों ने भारतीय नागरिकों के जीएसटी क्रेडेंशियल्स का दुरुपयोग कर ड्रग निर्माण में उपयोग होने वाले कच्चे पदार्थों की खरीद को वैध दिखाया।

एजेंसी के अनुसार, इस योजना ने मादक पदार्थों के विनिर्माण की आपूर्ति श्रृंखला को बढ़ावा दिया, भारत-म्यांमार की पोरस यानी बेहद संवेदनशील और खुली सीमा वाले इलाकों जैसे मिजोरम को प्रभावित कर रही थी। इसमें कई भारतीय राज्यों तक वित्तीय और तस्करी के संबंध थे और इन गतिविधियों के माध्यम से धन शोधन किया गया।

# निखिल कामथ और एलन मस्क एक साथ

## डब्ल्यूटीएफ का टीजर हुआ शेयर, फैंस बोले- ये असली है या एआई

**नई दिल्ली।** जेरोधा के सह-संस्थापक निखिल कामथ ने बड़ा खुलासा करते हुए बताया कि दुनिया के सबसे चर्चित उद्यमियों में से एक एलन मस्क उनके 'डब्ल्यूटीएफ' पॉडकास्ट के अगले एपिसोड में दिखाई देंगे। इस घोषणा के तुरंत बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर चचाओं और उत्साह की बाढ़ आ गई।



**39 सेकेंड्स का टीजर किया शेयर :** कामथ ने सोशल मीडिया पर इस एपिसोड को लेकर ब्लैक-एंड-व्हाइट टीजर भी साझा किया है, जिसमें पहली बार दोनों को एक साथ देखा गया है। 39 सेकेंड्स के इस क्लिप में निखिल और मस्क एक फैक्ट्री जैसे सेट-अप में दिखाई देते हैं, जहां दोनों आराम से बैठकर कॉफी पीते नजर आते हैं। वीडियो के अंत में दोनों की हंसी ने लोगों की उत्सुकता और बढ़ा दी है।

इस रिपोर्ट के लिखे जाने तक पोस्ट को 4.5 मिलियन व्यूज, 37,000 लाइक्स और 3,500 से ज्यादा कमेंट्स मिल चुके हैं।

**एआई या असली? सोशल मीडिया पर छिड़ी बहस :** वीडियो की सिनेमैटिक क्वालिटी देखकर कई यूजर्स हैरान रह गए और कुछ को इसकी वास्तविकता पर शक भी होने लगा। कई लोगों ने अनुमान लगाया कि फुटेज शायद एआई से जेनरेटेड हो सकता है। एक यूजर ने मजाकिया अंदाज में सवाल उठाया कि 'इस वीडियो में एआई वाली फील क्यों आ रही है?'

**फैंस के कमेंट्स ने बढ़ाई हलचल :** कमेंट सेक्शन में दिलचस्प और मजेदार रिएक्शन की भरमार रही। एक और यूजर ने मजाक में लिखा कि 'भाई ने एलन मस्क को बिल्कुल देसी अंदाज में चाय पिलवा दी!'

एक अन्य यूजर ने इसे शादी के मीम से जोड़ते हुए लिखा कि 'जब अरेंज मैरिज मीटिंग में लड़की पूछे- आप कैसे हो?'

# बॉन्ड बाजार में छोटी कंपनियों को भी मिले पहुंच

## नागेश्वरन ने बड़ी कंपनियों के एकाधिकार पर जताई चिंता

**नई दिल्ली।** बॉन्ड बाजार में बड़ी और अच्छी रेटिंग वाली कंपनियों के एकाधिकार पर सरकार ने चिंता जताई है। मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने कहा, मध्यम आकार की कंपनियों को व्यवस्थित और सस्ते तरीके से बाजार तक पहुंचने में सक्षम बनाने की जरूरत है। साथ ही, बाजार में तरलता भी बढ़ाने की आवश्यकता है। निवेशकों को परिपक्वता तक बॉन्ड रखने की प्रवृत्ति को छोड़नी होगी।



नागेश्वरन ने एक कार्यक्रम में कहा, बॉन्ड बाजार और बैंक फंडिंग का डबल-इंजन भारत जैसी बढ़ती अर्थव्यवस्था को आगे चलकर आवश्यक वित्तीय सहायता प्रदान करने में मदद करेगा। आर्थिक क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की मांगों के बीच घरेलू धन को भारतीय ऋण बाजारों में फंडिंग का संचालन करना चाहिए और विदेशी प्रवाह को इसका पूरक होना चाहिए। सीईए ने कहा, बड़ी और उच्च रेटिंग वाली कंपनियां आसानी से पूंजी जुटा लेती हैं।

आगे का काम मध्यम आकार की कंपनियों, बुनियादी ढांचा विशेष प्रयोजन कंपनियों (एसपीवी) और आपूर्ति श्रृंखला फर्मों को व्यवस्थित और सस्ते तरीके से बाजारों तक पहुंच प्रदान करना है।

**बैंक कार्यशील पूंजी के लिए देंगे धन :** उन्होंने कहा, बैंक कार्यशील पूंजी, संबंध आधारित ऋण और प्रारंभिक चरण की परियोजनाओं के लिए वित्त प्रदान करेंगे। ऋण पूंजी बाजारों को बड़ी कंपनियों और मध्य बाजार जारीकताओं के मामले में अग्रणी भूमिका निभानी होगी। दोहरे इंजन वाला वित्तपोषण मॉडल वैकल्पिक नहीं है। यह आधारभूत है। देश में कुछ मजबूतियां हैं।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

सिपाही ने मौका-ए-वारदात से थानेदार को फोन किया-जनाब, औरत ने अपने पति को गोली मार दी।
इंस्पेक्टर - क्यों?
सिपाही - क्योंकि आदमी पोंछा मारे हुए फर्श पर चढ़ गया था।
इंस्पेक्टर - गिरफ्तार कर लिया औरत को?
सिपाही - नहीं साहब, अभी पोंछा सूखा नहीं है।

---

दो समधी ड्रिंक करने बैठे-
लड़के का पिता- कितना पानी डालूं?
लड़की का पिता- नो वॉटर।
लड़के का पिता- क्यों?
लड़की का पिता- हमारे यहां बेटी के घर का पानी नहीं पीते। ये होते हैं संस्कार!

---

एक इंजीनियरिंग स्टूडेंट छत पर खड़ा था
तभी एक पड़ोसी : तो बेटा अब आगे क्या सोचा है?
स्टूडेंट- बस अंकल, टंकी भरते ही,
मोटर बंद कर दूंगा।

**30 11 2025 करंट क्राइम**

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

**आज के जन्मदिन**

सेलेब्रिटी जन्मदिन




सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# पहले वनडे में विकेट कीपर नहीं बतौर बल्लेबाज खेल सकते हैं ऋषभ पंत

## कप्तान केएल राहुल ने दिए संकेत



**भारतः** केएल राहुल (कप्तान), रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, ऋषभ पंत, वॉशिंगटन सुंदर, रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, नीतीश कुमार रेड्डी, हर्षित राणा, ऋतुराज गायकवाड़, प्रसिद्ध कृष्णा, अर्शदीप सिंह, ध्रुव जुरेल।

**दक्षिण अफ्रीकाः** तेम्बा बावुमा (कप्तान), एडेन मार्क्रम, डेवाल्ड ब्रेविस, नांद्रे बर्गर, क्विंटन डिकॉक, मार्को यानसेन, टोनी डी जॉर्जी, रुबिन हरमन, ओटनील बार्टमैन, कॉर्बिन बॉश, मैथ्यू ब्रीट्जके, केशव महाराज, लुंगी एनगिडी, रेयान रिकेल्टन, प्रेनेलन सुब्रायन।

**रांची।** राहुल ने ऋतुराज गायकवाड़ की भी तारीफ की, जो लगभग दो साल बाद वनडे टीम में वापसी कर रहे हैं। ऋतुराज भारतीय बल्लेबाजी क्रम में रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल के साथ ओपनिंग स्लॉट के दावेदार हैं।

रांची में होने वाले पहले वनडे से पहले भारतीय कप्तान केएल राहुल ने साफ कर दिया है कि ऋषभ पंत सिर्फ विकेटकीपर के तौर पर ही नहीं, बल्कि एक स्पेशलिस्ट बल्लेबाज के तौर पर भी टीम में खेलने की क्षमता रखते हैं। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला रविवार, 30 नवंबर को दोपहर डेढ़ बजे से जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम कॉम्प्लेक्स में खेला जाएगा। पंत की उपलब्धता को लेकर अभी भी संशय बना हुआ है क्योंकि उन्होंने अगस्त 2024 में श्रीलंका दौरे के बाद से 50 ओवर क्रिकेट नहीं खेला है।

**राहुल ने कहा- सब विकल्प खुले**

राहुल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पंत जब फिट होते हैं, तो वह टीम के लिए बेहद मूल्यवान खिलाड़ी बन जाते हैं। उन्होंने कहा, 'ऋषभ चोट की वजह से बाहर रहे थे, लेकिन वह लंबे समय से टीम के साथ हैं और सभी जानते हैं कि वह क्या कर सकते हैं। टीम में जगह बनाने के लिए कभी-कभी खिलाड़ियों को अपने मौके का इंतजार करना पड़ता है।' उन्होंने कहा, 'अगर पंत अंतिम कमें होंगे, तो विकेटकीपिंग वह ही करेंगे। ऐसे में मैं फील्डिंग करूंगा। लेकिन वह सिर्फ कीपर नहीं, बल्कि एक बेहतरीन बल्लेबाज भी हैं।'

**ऋतुराज गायकवाड़ की वापसी पर राहुल**

राहुल ने ऋतुराज गायकवाड़ की भी तारीफ की, जो लगभग दो साल बाद वनडे टीम में वापसी कर रहे हैं। ऋतुराज भारतीय बल्लेबाजी क्रम में रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल के साथ ओपनिंग स्लॉट के दावेदार हैं। दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ हाल ही में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया था जहां उन्होंने 117 रन, नाबाद 68 रन और 25 रन बनाए थे। राहुल ने कहा, 'ऋतु क्लास प्लेयर हैं। जितने भी मौके मिले, उन्होंने खुद को साबित किया है।

दुर्भाग्य से भारत का टॉप-ऑर्डर काफी मजबूत और सेट है, इसलिए कई खिलाड़ी बाहर रह जाते हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'अब जब चोटों की वजह से मौका मिला है, हम उम्मीद करते हैं कि वह इसका फायदा उठाएंगे। उनकी स्किल को लेकर कभी कोई सवाल नहीं रहा, बस सही मौके की जरूरत थी।'

**टेस्ट सीरीज की हार के बाद वनडे में बदलेगी किस्मत?**

भारत हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज 0-2 से हार चुका है और अब टीम वनडे में वापसी करने की कोशिश करेगी। राहुल का कहना है कि टीम अब नए सिरे से शुरूआत करना चाहती है और खिलाड़ियों के पास अपनी क्षमता दिखाने का बड़ा मौका है।

# भारत की हालिया हार पर भड़के कपिल देव

## कहा 'आपके पास द्रविड़-लक्ष्मण जैसे बल्लेबाज नहीं हैं'



**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत की हालिया 0-2 से हार के बाद मुख्य कोच गौतम गंभीर आलोचकों के निशाने पर हैं। इस बीच पूर्व विश्व कप विजेता भारतीय कप्तान कपिल देव ने रिएलिटी चैक दिया है। उन्होंने कहा कि टीम में राहुल द्रविड़ और वीवीएस लक्ष्मण जैसे बल्लेबाज नहीं हैं, जिन्हें विकेट पर टिककर खेलने की आदत थी।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत की हालिया 0-2 से हार के बाद मुख्य कोच गौतम गंभीर आलोचकों के निशाने पर हैं। सौरव गांगुली और हरभजन सिंह जैसे क्रिकेटर्स पहले ही उनकी रणनीति पर सवाल खड़े कर चुके हैं। इस बीच पूर्व विश्व कप विजेता भारतीय कप्तान कपिल देव ने रिएलिटी चैक दिया है। उन्होंने कहा कि टीम में राहुल द्रविड़ और वीवीएस लक्ष्मण जैसे बल्लेबाज नहीं हैं, जिन्हें विकेट पर टिककर खेलने की आदत थी।

**दक्षिण अफ्रीका ने किया क्लीन स्वीपः** गुवाहाटी में खेले गए दूसरे टेस्ट में भारत को 408 रनों से करारी हार मिली, जिसके साथ दक्षिण अफ्रीका ने दो मैचों की सीरीज में क्लीन स्वीप किया। यह भारत में उनकी 25 साल बाद पहली टेस्ट सीरीज जीत है। इससे पहले कोलकाता में खेले गए शुरूआती टेस्ट में मेहमान टीम ने भारत को 30 रनों से हराया था। लगातार दो हारों के बाद टीम के प्रदर्शन और नेतृत्व को लेकर आलोचनाएं तेज हो गईं।

**कपिल देव ने दिया रिएलिटी चैकः** स्पोर्टस्टार से बात करते हुए कपिल देव ने कहा, 'हम टी20 और वनडे में ज्यादा व्यस्त रहते हैं, जिसका मतलब है कि बल्लेबाजी को बॉलर-फ्रेंडली पिचों का सामना मुश्किल से ही करना पड़ता है। स्पिन और सीम को बहुत मदद देने वाली पिचों पर, आपको आगे बढ़ने के लिए सब्र और अलग तरह की स्किल्स की जरूरत होती है। एक बार जब आप उन पिचों पर खेलने के लिए तैयार हो जाते हैं, तो आपका माइंडसेट इस बात पर असर डालता है कि आप उनसे कैसे निपटते हैं। आपके पास राहुल द्रविड़ और वीवीएस लक्ष्मण जैसे बल्लेबाज नहीं हैं, जो विकेट पर टिके रहना जानते थे। टेस्ट में बल्लेबाजी का मतलब है बीच में टिके रहना।'

उन्होंने आगे कहा, 'पेस खेलने के बजाय स्पिन से निपटने के लिए आपको बेहतर स्किल्स की जरूरत होती है, लेकिन यह पिच की हालत पर निर्भर करता है। अगर टर्न या बाउंस बहुत ज्यादा है, तो यह बहुत मुश्किल हो जाता है। याद रखें, फुटवर्क एक जरूरी रोल निभाता है। अगर आपका नेचर ऋषभ पंत की तरह जाकर हिट करने का है, तो यह अलग है। आप पंत से डिफेंड करने के लिए नहीं कह सकते। वह एक असली मैच-विनर है। वह जाकर बॉल को हिट करेगा। वह 20 बनाने के लिए 100 बॉल नहीं खेलेगा। जब वह छक्का मारता है, तो हम सब गदगद हो जाते हैं। क्या आप उसे छक्का न मारने के लिए कहते हैं? वह एक ऐसा बैटर है जो विरोधी टीम को ध्वस्त कर सकता है।'

**गंभीर की देखरेख में भारत का टेस्ट में प्रदर्शनः** गंभीर की देखरेख में भारत ने अब तक छह टेस्ट सीरीज खेली हैं। बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू सीरीज में टीम ने 2-0 से जीत हासिल की, लेकिन इसके बाद न्यूजीलैंड ने भारत को घर में ही 0-3 से क्लीन स्वीप कर दिया, जो भारतीय क्रिकेट के इतिहास में बेहद दुर्लभ घटनाओं में से एक है।

# महिला प्रीमियर लीग के अगले सीजन का पूरा शेड्यूल जारी

## पहले मैच में हरमनप्रीत-मंधाना होंगी आमने-सामने

**मुंबई।** महिला प्रीमियर लीग 2026 की शुरूआत नौ जनवरी से होगी और पहला मैच मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच नवी मुंबई के डॉ. डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेला जाएगा। इससे पहले 27 नवंबर को दिल्ली में हुए महिला प्रीमियर लीग के मेगा ऑक्शन के दौरान लीग के चेयरमैन जयेश जॉर्ज ने टूनार्मेंट की तारीखें और स्थान की जानकारी दी थी।

### टूर्नामेंट दो चरणों में बंटा होगा

महिला प्रीमियर लीग का पहला चरण नौ जनवरी से 17 जनवरी तक नवी मुंबई में खेला जाएगा। वहीं दूसरा चरण 19 जनवरी से पांच फरवरी तक वडोदरा (बारोडा) में आयोजित होगा। फाइनल मुकाबला भी वडोदरा में खेला जाएगा। लीग स्टेज में कुल 20 मुकाबले खेले जाएंगे।

### 277 प्लेयर्स में से सिर्फ 67 को मिली टीम

महिला प्रीमियर लीग 2026 के लिए ऑक्शन में कुल 277 खिलाड़ी उपलब्ध थे, जिनमें 194 भारतीय और 83 विदेशी खिलाड़ी शामिल थे। इनमें से सिर्फ 67 खिलाड़ियों को ही टीमों ने खरीदा और इनमें से 23 खिलाड़ी विदेशी थीं। फ्रेंचाइजियों ने खिलाड़ियों पर कुल 40.8 करोड़ खर्च किए।

### पिछले सीजन्स के विजेता

मुंबई इंडियंस ने 2023 में खिताब जीता था, जबकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 2024 में चैंपियनशिप जीती थी। अब देखना दिलचस्प होगा कि 2026 में कौन सी टीम ट्रॉफी पर कब्जा जमाती है। अंक तालिका में शीर्ष पर रहने वाली टीम सीधे फाइनल में पहुंचेगी, जबकि दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को एलिमिनेटर खेलना होगा।



### WPL 2026 पूरा शेड्यूल

| मैच नं. | तारीख | होम टीम | अवे टीम | वेन्यू |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 जनवरी 2026 | मुंबई इंडियंस | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | नवी मुंबई |
| 2 | 10 जनवरी 2026 | यूपी वॉरियर्स | गुजरात जाएंट्स | नवी मुंबई |
| 3 | 11 जनवरी 2026 | मुंबई इंडियंस | दिल्ली कैपिटल्स | नवी मुंबई |
| 4 | 12 जनवरी 2026 | दिल्ली कैपिटल्स | गुजरात जाएंट्स | नवी मुंबई |
| 5 | 13 जनवरी 2026 | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | यूपी वॉरियर्स | नवी मुंबई |
| 6 | 14 जनवरी 2026 | मुंबई इंडियंस | गुजरात जाएंट्स | नवी मुंबई |
| 7 | 15 जनवरी 2026 | यूपी वॉरियर्स | दिल्ली कैपिटल्स | नवी मुंबई |
| 8 | 16 जनवरी 2026 | मुंबई इंडियंस | यूपी वॉरियर्स | नवी मुंबई |
| 9 | 17 जनवरी 2026 | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | गुजरात जाएंट्स | नवी मुंबई |
| 10 | 17 जनवरी 2026 | यूपी वॉरियर्स | मुंबई इंडियंस | नवी मुंबई |
| 11 | 18 जनवरी 2026 | दिल्ली कैपिटल्स | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | नवी मुंबई |
| 12 | 19 जनवरी 2026 | गुजरात जाएंट्स | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | वडोदरा |
| 13 | 20 जनवरी 2026 | दिल्ली कैपिटल्स | मुंबई इंडियंस | वडोदरा |
| 14 | 22 जनवरी 2026 | गुजरात जाएंट्स | यूपी वॉरियर्स | वडोदरा |
| 15 | 24 जनवरी 2026 | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | दिल्ली कैपिटल्स | वडोदरा |
| 16 | 26 जनवरी 2026 | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | मुंबई इंडियंस | वडोदरा |
| 17 | 27 जनवरी 2026 | गुजरात जाएंट्स | दिल्ली कैपिटल्स | वडोदरा |
| 18 | 29 जनवरी 2026 | यूपी वॉरियर्स | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | वडोदरा |
| 19 | 30 जनवरी 2026 | गुजरात जाएंट्स | मुंबई इंडियंस | वडोदरा |
| 20 | 1 फरवरी 2026 | दिल्ली कैपिटल्स | यूपी वॉरियर्स | वडोदरा |
| 21 | 3 फरवरी 2026 | एलीमिनेटर | - | वडोदरा |
| 22 | 5 फरवरी 2026 | फाइनल | - | वडोदरा |

# विश्व कप फुटबॉल के ड्रॉ का बहिष्कार करेगा ईरान

**अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको की संयुक्त मेजबानी में अगले साल 11 जून से 19 जुलाई तक होने वाले विश्व कप में रिकॉर्ड 48 टीमें भाग लेंगी।**



**न्यूयॉर्क।** ईरान ने अगले सप्ताह वाशिंगटन में होने वाले विश्व कप फुटबॉल 2026 के ड्रॉ का बहिष्कार करने का फैसला किया है, क्योंकि अमेरिका ने उसके प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को वीजा देने से इनकार कर दिया है। यह जानकारी ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी इरना ने दी।

एजेंसी ने ईरानी फुटबॉल महासंघ के प्रवक्ता अमीर महदी अलवी के हवाले से शुक्रवार को कहा कि अधिकारियों को वीजा संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ा, जो खेल संबंधी चिंताओं से परे हैं। अमेरिका ने इस संबंध में तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की है।

अलवी ने कहा कि महासंघ ने फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा से संपर्क किया है और उम्मीद है कि वह इस मुद्दे को सुलझाने में मदद करेगा। फीफा ने भी इस संबंध में अभी तक कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने जून में ईरान समेत 12 देशों के नागरिकों पर यात्रा प्रतिबंध लगाने की घोषणा की थी। इस सूची में हैती भी शामिल है, जिसने पिछले सप्ताह विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया था। अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको की संयुक्त मेजबानी में अगले साल 11 जून से 19 जुलाई तक होने वाले विश्व कप में रिकॉर्ड 48 टीमें भाग लेंगी।

# रांची वनडे में प्रशंसकों को मिल सकता है सरप्राइज

## मैच देखने आ सकते हैं धोनी; कप्तान ने दी जानकारी

**भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच रविवार से तीन मैचों की वनडे सीरीज का आगाज होगा। पहला मुकाबला पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के घर रांची के जेएससीए अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम कॉम्प्लेक्स में खेला जाएगा। इस मुकाबले में प्रशंसकों को धोनी सरप्राइज दे सकते हैं।**



**रांची।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच रविवार से तीन मैचों की वनडे सीरीज का आगाज होगा। पहला मुकाबला पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के घर रांची के जेएससीए अंतराष्ट्रीय स्टेडियम कॉम्प्लेक्स में खेला जाएगा। इस मुकाबले में प्रशंसकों को धोनी सरप्राइज दे सकते हैं। वह भारतीय टीम का समर्थन करने स्टेडियम पहुंच सकते हैं। इसकी जानकारी कप्तान केएल राहुल ने दी।

### धोनी पहुंच सकते हैं स्टेडियम

शुभमन गिल की जगह आगामी सीरीज में टीम के कप्तान नियुक्त किए गए केएल राहुल ने धोनी की मौजूदगी को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा, 'जाहिर है, हम सभी उनके (धोनी) अधीन खेल चुके हैं। हम सब उनके फैन रहे हैं और उनके साथ ड्रेसिंग रूम भी साझा किया है। वे हमारे लिए एक दोस्त जैसे हैं। धोनी जैसे बड़े और सफल भारतीय क्रिकेटर को जानना अपने आप में एक खुशी की बात है। एक इंसान के तौर पर भी हमने हमेशा उनकी इज्जत की है।'

उन्होंने आगे कहा, 'अगर वह मैच देखने आते हैं, तो यह प्रशंसकों और हमारे लिए उत्साह को और बढ़ा देगा। हम खुश हैं कि उनके आने से माहौल और रोमांचक होगा। अगर भीड़ बड़ी संख्या में आएगी, तो हमें भी यहां खेलने में मजा आएगा। उम्मीद है कि हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे, प्रशंसकों का मनोरंजन करेंगे, मैच जीतेंगे और धोनी भी यही चाहेंगे कि हम जीतें।'

### रांची में धोनी के घर पहुंचे कोहली

इससे पहले धोनी और विराट कोहली को रांची में साथ स्पॉट किया गया था। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी अपने पुराने साथी और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को अपनी कार में ड्राइव करते हुए नजर आए। कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि धोनी खुद कोहली को टीम होटल छोड़ने गए, हालांकि इसकी पुष्टि अभी नहीं हुई है। फिर भी वीडियो में कोहली की मुस्कान और धोनी की सादगी देखकर फैन्स में पुरानी यादें ताजा हो गईं। उस दौर की यादें ताजा हो गईं, जब दोनों मिलकर भारतीय क्रिकेट का स्वर्णिम अध्याय लिख रहे थे।

# मेजबानी में चार चांद लगाएगा गांधीनगर का गिफ्ट सिटी

**नई दिल्ली।** यहां साबरमती नदी के किनारे रिवरफ्रंट बन रहा है। सेंट्रल पार्क, और लीलावती अस्पताल जैसी परियोजनाओं पर काम चल रहा है। शहर की निगरानी के लिए कमांड एंड कंट्रोल सेंटर विभिन्न भवनों व सड्कों पर लगे सीसीटीवी कैमरे के जरिए चौबीसो घंटे निगरानी रखता है।

साबरमती नदी के किनारे आकार ले रहा गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक (गिफ्ट) सिटी राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी में चार चांद लगाएगा। 2030 में जब अहमदाबाद यह अंतर्राष्ट्रीय खेल आयोजन करेगा तो उसके बगल में बन रहा गिफ्ट सिटी विदेशी खिलाड़ियों, पर्यटकों,व कारोबारियों को अलग तरह से लुभाएगा। माना जा रहा है उस वक्त यह नया शहर मैराथन,वालीवाल समेत कई खेल स्पधाओं की मेजबानी भी करेगा। यहां हांगकांग, सिंगापुर व दुबई जैसी कारोबार व रहन सहन की विश्वस्तरीय सुविधाएं विकसित की जा रही हैं।

# केएल राहुल ने स्पिन पिच पर टीम के हालिया संघर्ष को देखकर कहा

# जरूरत पड़ी तो सीनियर्स से मदद लेंगे

### हार्मर की गेंद पर आउट होने पर राहुल का पछतावा

गुवाहाटी टेस्ट की दूसरी पारी में साइमन हार्मर की घूमती गेंद पर राहुल क्लीन बोल्ड हो गए थे। सही तकनीक के बजाय क्रॉस-बैट शॉट लगाने की गलती ने भारतीय बल्लेबाजी की कमजोरियों को उजागर कर दिया। राहुल ने कहा कि वह अपनी उस शॉट चयन पर पछतावा महसूस करते हैं और आगे ऐसी गलतियों से बचने का प्रयास करेंगे।

### टेस्ट सीरीज में स्पिन के सामने भारत की हार

राहुल के ये बयान उस समय आए हैं जब भारत हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के हाथों 0-2 की टेस्ट सीरीज हार चुका है। खासकर कोलकाता में खेले गए पहले टेस्ट मैच में भारतीय बल्लेबाज स्पिनरों के सामने बुरी तरह संघर्ष करते दिखे।



**रांची में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे मुकाबले से ठीक पहले मीडिया से बात करते हुए राहुल ने कहा कि खिलाड़ी जरूरत पड़ने पर पूर्व भारतीय दिग्गजों, खासकर सुनील गावस्कर जैसे महान बल्लेबाजों से मार्गदर्शन मांगने के लिए तैयार हैं।**

**रांची।** भारतीय टेस्ट बल्लेबाज हाल के समय में स्पिन गेंदबाजी के सामने जूझते नजर आए हैं और भारतीय टीम के कप्तान केएल राहुल ने इसे खुलकर स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि मौजूदा पीढ़ी के भारतीय बल्लेबाज पिछली पीढ़ियों की तुलना में स्पिन को खेलने में उतने प्रभावी नहीं रहे हैं। राहुल ने साफ कहा कि वह नहीं जानते कि इस कमजोरी की शुरूआत कैसे हुई, लेकिन खिलाड़ी इसे पहचान रहे हैं और सुधार की दिशा में कदम उठा रहे हैं। रांची में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे मुकाबले से ठीक पहले मीडिया से बात करते हुए राहुल ने कहा कि खिलाड़ी जरूरत पड़ने पर पूर्व भारतीय दिग्गजों, खासकर सुनील गावस्कर जैसे महान बल्लेबाजों से मार्गदर्शन मांगने के लिए तैयार हैं।

**'हम मानते हैं कि स्पिन के खिलाफ बेहतर खेलना होगा':** राहुल ने कहा, 'हम दो-तीन सीरीज से स्पिन के खिलाफ अच्छा नहीं खेल पा रहे हैं। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपनी कमियों को पहचानें और सुधार करें। यह चीज रातोंरात नहीं बदलेगी।' उन्होंने आगे कहा, 'गावस्कर सर ने भी इस मुद्दे पर अपनी राय दी है। हम उनसे बात कर सकते हैं और समझ सकते हैं कि इस समस्या का समाधान कैसे निकले।'

**अगला लक्ष्यः तकनीक में सुधार और सीखने का अवसर**

राहुल ने कहा कि आगामी घरेलू और विदेशी टेस्ट सीरीज से पहले भारतीय खिलाड़ियों को अपनी तकनीक मजबूत करनी होगी। उन्होंने कहा, 'छह महीने बाद हमारी श्रीलंका में टेस्ट सीरीज है और फिर 2027 में ऑस्ट्रेलिया भारत आएगी। हमें इससे पहले स्पिन के खिलाफ मजबूत होना होगा।' उन्होंने यह भी कहा कि टीम पूर्व खिलाड़ियों से सलाह लेने में बिल्कुल झिझक नहीं दिखाएगी, 'हम जरूरत पड़ने पर सीनियर खिलाड़ियों से संपर्क करेंगे और उनसे सीखेंगे।


# टी-20 अंतरराष्ट्रीय में 10वीं बार शून्य पर आउट हुए बाबर आजम, रोहित के साथ इस अनचाही सूची में शामिल



**दुबई।** पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच खेले गए त्रिकोणीय टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के मैच में बाबर आजम एक बार फिर फ्लॉप रहे और बिना खाता खोले आउट हो गए। यह उनके टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का 10वां डक है, जिसके साथ अब वह एक ऐसे अनचाहे रिकॉर्ड की सूची में शामिल हो गए हैं, जिसे कोई भी खिलाड़ी बनाना नहीं चाहेगा। श्रीलंका ने यह मुकाबला छह रन से जीता, और पाकिस्तान की जीत की लय इस मैच में टूट गई।

अब इस लिस्ट में शामिल हैं बाबर

बाबर आजम अब टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे ज्यादा डक बनाने वाले टॉप-ऑर्डर बल्लेबाजों की लिस्ट में तीसरे स्थान पर हैं। इस लिस्ट में पहले स्थान पर आयरलैंड के पॉल स्टर्लिंग और दूसरे स्थान पर बांग्लादेश के सौम्य सरकार हैं। तीसरे पर बाबर के साथ रोहित शर्मा भी हैं। हालांकि, रोहित अब टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास ले चुके हैं। बाबर अब पाकिस्तान के लिए सबसे ज्यादा डक बनाने वाले खिलाड़ियों में सैम अयूब और उमर अकमल की बराबरी पर आ चुके हैं।




# पलक और अनिकेत की सुख-समृद्धि की कामना के साथ हुआ सुंदरकांड पाठ का आयोजन



गाजियाबाद करंट क्राइम। पलक और अनिकेत के सुख-समृद्धि तथा मंगल कामनाओं के लिए सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। अनुज मित्तल तथा अनु मित्तल की सुपुत्री पलक तथा उमा गोयल और राकेश गोयल के सुपुत्र अनिकेत की मंगल कामनाओं के साथ होटल स्लिवर स्पून में आयोजित सुंदरकाड के पाठ में समाज के गणमान्य लोग पहुंचे। अनुज मित्तल और अनु मित्तल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। सुंदरकांड पाठ में पहुंचे गणमान्य लोगों ने अनिकेत और पलक को आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके सफल, सुखद, खुशहाल वैवाहिक जीवन की कामना की।

# रोहन यादव का शुभ विवाह इशिता के साथ हुआ धूमधाम से सम्पन्न





गाजियाबाद करंट क्राइम। पूर्व निगम कार्य कारिणी उपाध्यक्ष सुनील यादव के सुपुत्र रोहन यादव का शुभ विवाह जुगल किशोर बत्रा की सुपुत्री इशिता के साथ धूम-धाम से सम्पन्न हुआ। इस शुभ अवसर पर समाज के गणमान्य लोगोंने ने पहुंच कर रोहन और ईशिता को बधाई-शुभकामनाएं देते हुए आशीर्वाद प्रदान किया।




## कई महिला थ्री-स्टार को है इंतजार



पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में थ्री-स्टारों की कमी नहीं है, पर महिला थ्री-स्टारों को मौका नहीं मिलने की चर्चा जोरों पर सुनाई दे रही है। बताया जा रहा है कि महिला थ्री-स्टार भी कई हैं, पर वह किसी भी थाने की कमान नहीं संभाल रही हैं। अब यह सवाल कई सर्किल और जोन में गूंज रहा है। उधर सूत्र बता रहे हैं कि कुछ समय पहले देहात जोन में एक महिला थ्री-स्टार को थाने से चार्ज मिलने की चर्चा हुई थी लेकिन उनका नाम भी चला, फिर उनके विवाद सामने आ गए। इसके बाद उनका नाम टाल दिया गया था। तो वहीं सूत्र बता रहे हैं कि कमिश्नरेट से भी महिला थ्री-स्टार पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में कई माह पहले आमद करवा चुकी हैं, पर उनको भी अभीतक कोई बेहतर पोस्ट नहीं मिली है। उनका भी विवादों से पुराने कमिश्नरेट में नाता रहा था, तो वहीं वर्तमान में एक खास थाने में महिला थ्री-स्टार भी पोस्ट हैं, उनकी नदिया पार के एक थाने में अच्छी वर्किंग रही है, इसके बावजूद भी अभी उनके नाम की चर्चा नहीं हो रही है। इसके साथ ही कुछ और नाम भी बताए जा रहे हैं, जो थाने वाली दावेदारी के लिए प्रयास में हैं, पर उनपर कृपा वाला सीन नहीं बन पा रहा है। बताया जा रहा है कि जिस तरीके से प्रदेश के अधिकांश कमिश्नरेट और जिलों में महिला थ्री-स्टार चार्ज पर हैं लेकिन कमिश्नरेट गाजियाबाद में यह वाला सीन नजर नहीं आ रहा है, जिसकी चर्चा जमकर हो रही है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि जो मौजूदा वाले हालात हैं, ऐसे में अभी महिला थ्री-स्टार की पोस्टिंग का कहीं सीन नजर नहीं आ रहा है। इसके बाद उनके ही महकमे वाले चर्चा कर रहे हैं कि तीनों को कब तक वेट करना पड़ेगा और वेट के चक्कर में कहीं मामला बेहद लेट ही ना हो जाए। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि एसीपी स्तर वाली प्रदेश की लिस्ट दिसंबर में ही आएगी और यह या तो चार दिसंबर को या फिर 6 दिसंबर के बाद आउट की जाएगी। जिसमें प्रदेश स्तर में 50 से ज्यादा क्षेत्राधिकार शामिल होंगे। जिनके कार्यक्षेत्रों में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। अब देखना होगा पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम से कौन एसीपी इस तबादला लिस्ट में आते हैं और किसको होली मनाने का कमिश्नरेट में मौका मिल जाता है। कुल मिलाकर अभी महिला थ्री-स्टार को चांस मिलने की संभावना बेहद कम बताई जा रही है।

## मोदीनगर में 'अस्मिता खेलो इंडिया' का धमाल
## डीजीआर पतला ने शूटिंग बॉल लीग का खिताब जीता







**मोदीनगर/पतला, करंट क्राइम :** भारत सरकार की खेलो इंडिया पहल के अंतर्गत, महिला खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने वाली 'अस्मिता खेलो इंडिया वूमेन'एस शूटिंग बॉल लीग' का भव्य आयोजन आज डी.जी.आर. सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पतला के खेल मैदान पर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

लीग के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि चौधरी रामपाल सिंह, जिला अध्यक्ष (राष्ट्रीय लोक दल), रहे। इस महत्वपूर्ण खेल आयोजन की अध्यक्षता शूटिंग बॉल एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष श्री अजय प्रमुख ने की। इस अवसर पर एशियाई शूटिंग बॉल फेडरेशन के महासचिव रविंद्र सिंह तोमर, महासचिव पश्चिम प्रदेश लोकदल योगेंद्र पतला, डीजीआर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के चैयरमैन गुलवीर सिंह, प्रधानाचार्य सोनल चौधरी, अतुल तोमर और मोनू कुमार सहित कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

लीग में शामिल टीमों के बीच कड़ा और रोमांचक संघर्ष देखने को मिला। मेजबान टीम डीजीआर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पतला ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जेडीएस अकादमी को हराकर टूर्नामेंट में प्रथम स्थान प्राप्त किया।


**लीग में शीर्ष तीन स्थान :** प्रथम स्थानः डीजीआर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पतला। द्वितीय स्थानः जेडीएस अकादमी। तृतीय स्थानः एल.आर. सीनियर सेकेंडरी स्कूल।

इस सफल आयोजन ने क्षेत्र में महिला एथलीटों को उच्च स्तरीय प्रतियोगिता का अनुभव प्रदान किया और महिला खेलों को बढ़ावा देने की दिशा में एक सकारात्मक कदम बढ़ाया है।

## स्क्रैप फैक्ट्री में भीषण आग, धुआं बन गया खतरा, घंटों की जद्दोजहद के बाद टला बड़ा हादसा

**हापुड करंट क्राइम।** पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के धौलाना रोड स्थित एक स्क्रैप फैक्ट्री में शनिवार दोपहर अचानक भीषण आग भड़क उठी। कुछ ही मिनटों में फैक्ट्री से उठता काला धुआं आसपास के इलाकों को अपनी चपेट में ले गया। प्लास्टिक और पिन्नी में लगी आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे क्षेत्र में अफराझ्तफरी मच गई। लोगों ने अपनी सुरक्षा के लिए घरों के दरवाजे-खिड़कियां बंद कर लीं, जबकि कई लोग मौके की ओर भागे। धौलाना रोड पर मैनकाइंड वेयरहाउस के सामने स्थित स्क्रैप फैक्ट्री, जो मोहल्ला किशनगंज निवासी आरिफ की बताई जाती है, में दोपहर करीब 1 बजे आग लगने की सूचना मिली। फैक्ट्री में रखी पिन्नी, प्लास्टिक और अन्य स्क्रैप समान ने आग को और भड़का दिया। चंद मिनटों में ही आग के ऊंचे-ऊंचे लपटें उठने लगीं और काले धुएं ने आसमान को ढक लिया।मौके पर मौजूद लोगों में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। कई लोग बाल्टियों और पाइपों से आग बुझाने में जुटे, लेकिन प्लास्टिक में लगी आग फैलती चली गई।

**गुहार**



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** घंटाघर कोतवाली इलाके में रहने वाले शाकिर हसन ने आरोप लगाया है कि कोर्ट के आदेश के बाद भी पुलिस ने उसकी मदद नहीं की और दबंगों ने उसके 80 साल पुराने घर पर कब्जा कर लिया। सराय नजर अली में रहने वाले शाकिर हसन का कहना है कि अलीमुद्दीन और अफसार तथा फैजल ने उसके घर के शौचालय को तोड़ कर गिरा दिया और उसके प्लाट की दरवाजा खोल लिया है। शाकिर का कहना है कि वो जल्द ही अब लखनऊ में मुख्यमंत्री के यहां न्याय की गुहार लगायेगा।

## नाले में मिला 30 वर्षीय युवक का शव



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** वेव सिटी थाना क्षेत्र में नाले में एक 30 वर्षीय युवक का शव बरामद हुआ है। इंडो-जर्मन हॉस्पिटल रोड स्थित नाले में शनिवार दोपहर एक युवक का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान विनोद 30 वर्ष पुत्र राम भरोसे निवासी बरेली के रूप में हुई है।

स्थानीय लोगों की सूचना पर थाना वेव सिटी पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को नाले से बाहर निकलवाया। प्रारंभिक जांच में मृतक के पहचान पत्र और स्थानीय जानकारी के आधार पर नाम विनोद बताया जा रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है। सहायक पुलिस आयुक्त प्रियाश्री पाल ने बताया कि मृतक के कोई चोट के निशान नही मिले हैं, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत का कारण स्पष्ट होगा, मृतक के परिजनों को सूचना दी गई है।

पुलिस के अनुसार मृतक टाटा वेयरहाउस में शनिवार दोपहर पौने तीन बजे गाड़ी छोड़कर गया था, वेयरहाउस के पास नाला है, जिसमें मृतक बैग सहित गिरा मिला है। परिजनों द्वारा तहरीर देने पर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# पाकिस्तान सेना ने तालिबान पर घुसपैठ कराने का लगाया आरोप, दोनों देशों में फिर तेज हुआ तनाव

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तनाव एक बार फिर बढ़ गया है। पाकिस्तान सेना ने आरोप लगाया है कि अफगान तालिबान देश में आतंकियों की घुसपैठ में मदद कर रहा है। सेना का दावा है कि अफगान सीमा चौकियां न सिर्फ पाकिस्तानी पोस्टों पर फायरिंग कर रही हैं बल्कि इस दौरान आतंकियों और तस्करों को सीमा पार कराने के लिए कवर भी दे रही हैं।

आईएसपीआर प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने पत्रकारों से बातचीत में यह गंभीर आरोप लगाए। उनके अनुसार, अफगान तालिबान की तरफ से सीमा पर तैनात पाकिस्तानी पोस्टों पर फायरिंग की जाती है और उसी समय आतंकियों व तस्करों को खाली जगहों से पाकिस्तान में प्रवेश कराया जाता है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों की सीमा चौकियां आमतौर पर परस्पर सुरक्षा सुनिश्चित करती हैं, लेकिन मौजूदा हालात इससे बिल्कुल अलग हैं।

**पाकिस्तान सेना ने आरोप लगाया है कि अफगान तालिबान सीमा पर फायरिंग कर आतंकियों और तस्करों को घुसपैठ में मदद दे रहा है। आईएसपीआर प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने कहा कि हमले समन्वित तरीके से किए जाते हैं।**



### आतंकवाद विरोधी अभियान

उन्होंने बताया कि 4 नवंबर से अब तक 4,910 खुफिया आधारित अभियानों (क्ष्डर) को अंजाम दिया गया है, यानी औसतन रोज 233 अभियान। इन अभियानों में 206 आतंकियों को ढेर किया गया। जनवरी से अब तक 67,023 अभियान चलाए गए, जिनमें से 53 हजार से अधिक बलूचिस्तान और 12,800 से ज्यादा खैबर पख्तूनख्वा में हुए।

प्रवक्ता ने कहा कि जनवरी से अब तक 4,729 आतंकी घटनाएं हुईं। पाकिस्तान ने फिर कहा कि अफगान तालिबान टीटीपी को सुरक्षित पनाह दे रहा है, जिससे दोनों देशों के संबंध बिगड़ते जा रहे हैं। दोनों के बीच पिछले महीने संघर्षविराम की बात हुई थी, लेकिन पाकिस्तान का कहना है कि यह तभी प्रभावी होता जब अफगान तालिबान हमले रोकता, जो नहीं हुआ।

### सीमा पर फायरिंग

उन्होंने कहा कि सीमा पर होने वाले हमले बेहद समन्वित होते हैं। फायरिंग का मकसद आतंकियों को पार कराना और तस्करों की गाड़ियों को आगे बढ़ाना होता है। उन्होंने दावा किया कि कई बार पोस्टों पर हमला कर नीचे से तस्करों के वाहन गुजारे जाते हैं।

### सीमा की सुरक्षा में चुनौतियां

प्रवक्ता ने बताया कि पाकिस्तान-अफगान सीमा 2,500 किलोमीटर लंबी है, जहां पाकिस्तान ने 15 से 25 किलोमीटर की दूरी पर सैन्य चौकियां बनाई हैं। उन्होंने कहा कि इतनी लंबी सीमा को पूरी तरह सील करना संभव नहीं है, जैसा कि अमेरिका भी मैक्सिको सीमा पर नहीं कर पाया। इस कारण अवैध घुसपैठ को पूरी तरह रोकना चुनौती है।

# 62 की उम्र में दोबारा दूल्हा बने ऑस्ट्रेलियाई पीएम 16 साल छोटी दुल्हन संग रचाई अल्बनीज ने शादी

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलियाई पीएम एंथनी अल्बनीज ने दोबारा शादी रचाई है। इस पद पर रहते हुए शादी करने वाले वे ऑस्ट्रेलिया के पहले प्रधानमंत्री बने हैं। यह शादी करीब एक साल बाद हुई, जब अल्बनीज ने 2024 में वैलेंटाइन डे पर जोडी हेडन के सामने प्रस्ताव रखा था। दोनों ने अपने खुद के लिखे वचन पढ़े और सिविल अधिकारी ने विवाह की औपचारिकताएं पूरी कराईं।



ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने शनिवार को अपनी लंबे समय से साथी रहीं जोडी हेडन से शादी कर ली। इसके साथ ही वे देश के इतिहास में ऐसे पहले प्रधानमंत्री बन गए, जिन्होंने प्रधानमंत्री कार्यकाल के दौरान शादी किया। 62 वर्षीय अल्बनीज और 46 वर्षीय हेडन ने राजधानी कैनबरा स्थित प्रधानमंत्री आवास द लॉज के बगीचे में एक निजी समारोह में शादी की।

**शादी के बाद बोले अल्बनीज- हम बहुत खुश हैं**

इस समारोह में सिर्फ परिवार के सदस्य और कुछ करीबी दोस्त शामिल थे। शादी के बाद जारी बयान में अल्बनीज ने कहा, 'हम बहुत खुश हैं। अपने परिवार और करीबी लोगों की मौजूदगी में हमने साथ रहने का वादा किया है।'

### सोशल मीडिया पर साझा की शादी की झलक

ऑस्ट्रेलियाई पीएम अल्बनीज ने सोशल मीडिया एक्स पर सिर्फ एक शब्द- विवाहित - लिखकर अपनी शादी की झलक साझा की। वीडियो में वे बो-टाई सूट में दिखाई दिए, जबकि हेडन सफेद शादी के गाउन में मुस्कुराती नजर आईं। जैसे ही दोनों ने हाथ पकड़ा, उन पर कंफेटी बरसी।

**पांच दिन तक ऑस्ट्रेलिया में ही मनाएंगे हनीमून**

प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से बताया गया कि दंपति सोमवार से शुक्रवार तक ऑस्ट्रेलिया में ही हनीमून मनाएंगे और इस दौरान होने वाले सभी खर्चे वे खुद वहन करेंगे। एंथनी अल्बनीज की यह दूसरी शादी है। वे 2019 में अपनी पहली पत्नी से अलग हुए थे और उनके बेटे का नाम नाथन है। उन्होंने जोडी हेडन से लगभग पांच साल पहले मेलबर्न में एक व्यावसायिक कार्यक्रम के दौरान मुलाकात की थी।

# इंडोनेशिया के सुमात्रा द्वीप पर बाढ़ और भूस्खलन से भारी तबाही, हताहतों की संख्या बढ़कर 248 पहुंची

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के सुमात्रा द्वीप पर बाढ़ और भूस्खलन से भारी तबाही मची है। अधिकारियों के मुताबिक, प्राकृतिक आपदा में अबतक 248 लोगों की मौत हो चुकी है। कई प्रभावित इलाकों में विमान की मदद से राहत और खाद्य आपूर्ति पहुंचाई जा रही है।



इंडोनेशिया में भूकंप और सुनामी से तबाह हुए कई इलाकों में पीड़ितों तक पहुंचने के लिए शनिवार को बचावकर्मियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। अधिकारियों के मुताबिक, इस आपदा में अब तक 248 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है और मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है।

**राहत विमान की मदद पहुंचाई जा रही सहायता**

वहीं बाढ़ और भूस्खलन की वजह से क्षतिग्रस्त सड़कों और संचार लाइनों के कारण कई इलाके बड़े पैमाने पर कट गए हैं। उत्तरी सुमात्रा प्रांत के मध्य टापानुली जिले और क्षेत्र के अन्य जिलों में राहत विमान की मदद से सहायता और आपूर्ति पहुंचाया जा रहा है।

**सड़कों व संचार व्यवस्था ठप, राहत अभियान में मुश्किल**

उत्तरी सुमात्रा पुलिस के प्रवक्ता के अनुसार सड़कों, बिजली और फोन नेटवर्क के पूरी तरह बंद होने के कारण बचाव दलों को बड़ी परेशानी हो रही है। आपदा प्रबंधन एजेंसी के प्रवक्ता ने बताया कि अब तक करीब 8,000 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है, लेकिन कई मार्ग बंद होने के चलते राहत सामग्री अब हेलीकॉप्टर से भेजी जा रही है। आपदा प्रबंधन एजेंसी के अधिकारी ने बताया कि सिबोल्गा और सेंट्रल टापानुली जैसे क्षेत्र सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा, 'अभी वहां पहुंचने का कोई रास्ता नहीं है। संचार पूरी तरह बंद है।

# इमरान खान के बेटे ने सरकार से मांगे पिता के जिंदा होने के सबूत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को लेकर पड़ोसी देश की राजनीति काफी गरमा गई है। इसी सप्ताह इमरान खान की हत्या की अफवाह के बाद इमरान खान के परिजनों ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं।



पाकिस्तान के जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के बेटे ने सरकार से मांग की है कि वह पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के फाउंडर के जिंदा होने का सबूत पेश दे। इमरान खान के बेटे कासिम खान ने शुक्रवार शाम को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, हम इमरान खान के जिंदा होने का सबूत मांग रहे हैं।

मीडिया में ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि 73 साल के पूर्व क्रिकेटर से नेता बने इमरान खान की जेल में हत्या कर दी गई है, क्योंकि एक महीने से न तो उनके परिवार के सदस्यों और न ही उनके वकीलों और पार्टी के लोगों को उनसे मिलने दिया गया है। वह कई मामलों में दो साल से ज्यादा समय से रावलपिंडी की जेल में बंद हैं।

शहबाज सरकार पर निशाना साधते हुए कासिम ने आगे कहा कि यह पूरी तरह से ब्लैकआउट है.... कोई सिक्योरिटी प्रोटोकॉल नहीं है। यह मेरे पिता की हालत छिपाने और हमारे परिवार को यह जानने से रोकने की एक जानबूझकर की गई कोशिश है। हमें नहीं पता वह सुरक्षित हैं या नहीं। पाकिस्तानी सरकार और उनके हैंडलर मेरे पिता की सुरक्षा और इस अमानवीय आइसोलेशन के हर नतीजे के लिए कानूनी, नैतिक और इंटरनेशनल लेवल पर पूरी तरह से जिम्मेदार होंगे। उन्होंने इंटरनेशनल कम्युनिटी, ग्लोबल ह्यूमन राइट्स ऑर्गनाइजेशन और हर डेमोक्रेटिक आवाज से तुरंत दखल देने की भी अपील की।

### इमरान के बेटे ने सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

कासिम खान ने कहा, मेरे पिता 845 दिनों से अरेस्ट हैं। पिछले 6 हफ्तों से उन्हें अकेले एक 'डेथ सेल' में रखा गया है। न तो किसी को उनसे मिलने दिया गया है, न ही कोई फोन कॉल या मैसेज दिया गया। उनकी बहनों को हर बार मिलने से मना कर दिया गया है, भले ही कोर्ट के साफ ऑर्डर में मिलने की इजाजत हो। कोई फोन कॉल नहीं, कोई मीटिंग नहीं हुई और जिंदगी का कोई सबूत नहीं मिला। मेरा और मेरे भाई का अपने पिता से कोई संपर्क नहीं हुआ है।

### जेल के बाहर इमरान की बहनों ने डाला डेरा

इमरान खान की तीन बहनें, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के कार्यकर्ता और खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी पिछले कुछ दिनों से अदियाला जेल के बाहर डेरा डाले हुए हैं और शहबाज शरीफ सरकार पर दबाव डाल रहे हैं कि वह उनके परिवार के सदस्यों को उनसे मिलने दे।

# खालिदा जिया की हालत नाजुक, बेटे तारिक रहमान ने कहा- स्वदेश वापसी मेरे बस में नहीं

**ढाका / नई दिल्ली।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया को छाती में इंफेक्शन होने के बाद निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह संक्रमण दिल और फेफड़ों दोनों को प्रभावित कर रहा है। वहीं अपनी मां की तबीयत और वतन वापसी को लेकर उनके बेटे ने कहा है कि यह पूरी तरह उनके बस में नहीं है।



पूर्व बांग्लादेशी प्रधानमंत्री और बीएनपी प्रमुख खालिदा जिया की हालत बेहद नाजुक है। इसी बीच उनके बेटे और पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष तारिक रहमान, जो 2008 से लंदन में रह रहे हैं, ने कहा है कि उनका बांग्लादेश लौटना पूरी तरह उनके नियंत्रण में नहीं है। तारिक रहमान ने शनिवार तड़के फेसबुक पर लिखी पोस्ट में कहा, 'हर बेटे की तरह मैं भी इस कठिन समय में अपनी मां के पास रहना चाहता हूं। लेकिन यह फैसला मैं अकेले नहीं ले सकता। कुछ संवेदनशील कारण हैं, जिन पर अभी विस्तार से बोलना संभव नहीं है।' उन्होंने बताया कि उनकी 80 वर्षीय मां खालिदा जिया को छाती में इंफेक्शन होने के बाद 23 नवंबर को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यह संक्रमण दिल और फेफड़ों दोनों को प्रभावित कर रहा है।

**हालत बेहद गंभीर, डॉक्टरों की टीम इलाज में जुटी**

रहमान ने कहा कि उनकी मां की हालत गंभीर संकट में है और वह आईसीयू में लगातार निगरानी मेंहैं। देश-विदेश के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम उनका इलाज कर रही है। बीएनपी ने शुक्रवार को बयान जारी कर लोगों से उनके लिए दुआ करने की अपील की थी।

तारिक रहमान ने यह स्पष्ट नहीं किया कि कौन-सी परिस्थिति उनके वापस आने में बाधा है। ब्रिटेन ने भी उनकी कानूनी स्थिति पर गोपनीयता नियमों का हवाला देते हुए कोई जानकारी नहीं दी है। रहमान ने कहा कि उन्हें भरोसा है कि 'जब राजनीतिक हालात सही मुकाम पर पहुंचेंगे, तब मेरे वतन लौटने का इंतजार खत्म होगा।'

**बांग्लादेश में राजनीतिक उथल-पुथल**

बीएनपी इस समय बांग्लादेश की राजनीति में अहम भूमिका में है। अगस्त 2025 में छात्र-नेतृत्व वाले हिंसक प्रदर्शनों के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता से हटाया गया।

# श्रीलंका में चक्रवात 'दित्वाह': राहत कार्यों के लिए कोलंबो पहुंची एनडीआरएफ टीमें, ऑपरेशन सागर बंधु जारी

**कोलम्बो।** श्रीलंका में चक्रवात 'दित्वाह' तबाही मचा रहा है। शनिवार को यह तूफान तमिलनाडु की तरफ बढ़ रहा है। चेन्नई के दक्षिण में चक्रवात दित्वाह 430 किलोमीटर की दूरी पर है। रविवार सुबह तक इसके उत्तरी तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश के दक्षिणी तटवर्ती इलाकों में पहुंचने की आशंका है। बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम में यह चक्रवात बड़ा नुकसान पहुंचा सकता है। राहत एवं बचाव कार्यों के लिए एनडीआरएफ को तैनात किया गया है। श्रीलंका में चक्रवात 'दित्वाह' के चलते जो नुकसान हुआ है, वहां पर भी राहत कार्यों के लिए एनडीआरएफ टीमें कोलंबो पहुंची हैं। एनडीआरएफ ने श्रीलंका में शुरू किए गए राहत एवं बचाव ऑपरेशन का नाम 'सागर बंधु' रखा है।



चक्रवात 'दित्वा' के मद्देनजर, ऑपरेशन सागर बंधु के तहत श्रीलंका में 80 बचावकर्मियों और 4 खोजी कुत्ते समेत एनडीआरएफ की दो टीमों ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया है। एनडीआरएफ की ये टीमें 8वीं बटालियन के कमांडेंट पीके तिवारी के नेतृत्व में कोलंबो पहुंची हैं।

ये टीमें, विशेष एचएडीआर उपकरणों और राहत सामग्री के साथ, भारतीय वायुसेना के आईएल-76 विमान से हिंडन एयर बेस से कोलंबो के लिए रवाना हुईं। एनडीआरएफ की टीमों ने श्रीलंका के चक्रवात प्रभावित क्षेत्रों में खोज, बचाव और राहत कार्यों में सहायता देने का काम संभाल लिया है। इन टीमों के पास फुलाने योग्य नावें, हाइड्रोलिक कटिंग और ब्रीचिंग उपकरण, संचार उपकरण, चिकित्सा प्राथमिक चिकित्सा किट और अन्य आवश्यक बचाव सामग्री मौजूद है।

भारत की यह अंतरराष्ट्रीय तैनाती एनडीआरएफ की घरेलू तैयारियों का पूरक है, जहां 14 टीमें तमिलनाडु के संवेदनशील तटीय जिलों विल्लुपुरम, चेंगलपट्ट, तिरुवल्लूर, नागपट्टिनम, तिरुवरुर, तंजावुर, पुदुक्कोट्टई और मयिलादुथुराई में तैनात हैं। एनडीआरएफ की अतिरिक्त टीमें पुदुचेरी के लिए निर्धारित की गई हैं। 5वीं बटालियन (पुणे) और 6वीं बटालियन (वडोदरा) से चेन्नई के लिए 10 और टीमें निर्धारित हैं। एनडीआरएफ मुख्यालय, घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निर्बाध प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए आईएमडी, एनडीएमए, राज्य प्रशासन, विदेश मंत्रालय और अन्य हितधारकों के साथ समन्वय में चौबीसों घंटे निगरानी जारी रख रहा है।

# एयरबस के ए-320 विमानों में समस्या से भारत समेत कितने देश प्रभावित

**पेरिस।** यूरोप की विमान निमार्ता कंपनी एयरबस ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर बताया कि वह अपने ए320 बेड़े के विमानों को वापस बुला रही है। दरअसल विमानों में सॉफ्टवेयर बदलाव के चलते कंपनी ने यह फैसला किया है। हालांकि कंपनी के इस फैसले का असर पूरी दुनिया पर होगा और हवाई यातायात बुरी तरह से प्रभावित हो सकता है।

**6000 विमान वापस बुलाएगी कंपनी**

एयरबस के मौजूदा समय में करीब 11,300 ए320 विमान संचालित हो रहे हैं, जिनमें से कंपनी करीब 6000 ए320 परिवार के विमानों को रिकॉल कर रही है। यह पूरी दुनिया के विमानों के बेड़े की करीब आधी संख्या है। अब जब क्रिसमस के आसपास हवाई यातायात बढ़ जाता है, तो उस समय एयरबस का अपने विमानों को वापस बुलाना पूरी दुनिया में हवाई यातायात को प्रभावित करेगा। इसके चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

एयरबस के 55 साल के इतिहास में इसे सबसे बड़ा रिकॉल बताया जा रहा है। इस समय एयरबस के ए320 विमान दुनियाभर की एयरलाइंस द्वारा बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किए जा रहे हैं। स्थिति ये है कि जब कंपनी ने विमानों को वापस बुलाने का बयान जारी किया, उस वक्त दुनियाभर के 350 से ज्यादा ऑपरेटर्स के 3000 ए320 विमान उड़ान भर रहे थे।

विमानों में सॉफ्टवेयर में बदलाव किया जाना है, जो बहुत ज्यादा मुश्किल काम नहीं है, लेकिन इसके लिए विमानों को रिपेयर सेंटर में रिपोजिशन करके की जरूरत होगी जिसमें हर विमान में कम से कम दो घंटे का समय लग सकता है। अमेरिका, दक्षिण अमेरिका, चीन, यूरोप, भारत और न्यूजीलैंड समेत दुनिया के कई देशों में इसके चलते उड़ान सेवाएं बाधित हो सकती हैं या उनमें देरी हो सकती है।

एयरबस पहले ही बड़े पैमाने पर विमानों की मरम्मत कर रही है, जिससे उसका मेंटिनेंस विभाग पहले ही दबाव में है। साथ ही कंपनी के पास कर्मचारियों की भी कमी है।

# काला सागर में रूसी तेल टैंकरों में आग की घटना पर तुर्किये ने जताया शक

**अंकारा।** काला सागर में रूस की शैडो फ्लीट (गोपनीय बेड़े) का हिस्सा माने जाने वाले दो तेल टैंकरों में लगी आग की घटना पर तुर्किये के अधिकारियों की तरफ से चौंकाने वाली बात सामने आई है। अधिकारियों को अंदेशा है कि यह तेल टैंकर मिसाइल, ड्रोन्स या बारूदी सुरंग की चपेट में आए हैं।

बता दें कि तेल टैंकर काइरोस और विराट को शुक्रवार शाम कुछ ही मिनटों के अंतराल में धू-धूकर जल उठे थे। इसके बाद राहत और बचाव अभियान शुरू किए गए। दोनों जहाजों के सभी क्रू सदस्य सुरक्षित बताए गए हैं। इस पर तुर्किये के परिवहन और इन्फ्रास्ट्रक्चर मामलों के मंत्री अब्दुलकादिर उरालोग्लु ने बताया कि राहत सेवाओं को पहले सूचना मिली कि काइरोस शायद किसी बारूदी सुरंग से टकराया है, इसके तुरंत बाद विराट पर विस्फोट की खबर मिली। उरालोग्लु ने एनटीवी को बताया, हमारी टीमों ने संकेत दिए कि दूसरे जहाज पर भी विस्फोट हुए और ये बाहरी हस्तक्षेप के कारण हुए। उन्होंने कहा, बाहरी हस्तक्षेप के रूप में जो बातें पहले दिमाग में आती हैं, वे हैं बारूदी सुरंग, मिसाइल, समुद्री पोत या ड्रोन। अभी हमारे पास ज्यादा ज्यादा पुख्ता जानकारी नहीं है।



### क्या होती है शैडो फ्लीट, काम कैसे करती है?

ओपनसैंक्शंस के मुताबिक, ह्लशैडो टैंकर फ्लीट प्रतिबंधों को दरकिनार करते हुए, तीसरे देशों के झंडों का इस्तेमाल करते हैं और मालिकाना हक छिपाने के लिए काफी जटिल संरचनाएं बुनते हैं, ताकि उनकी पहचान उजागर न हो। वेबसाइट के मुतबिक, पश्चिमी देशों की ओर से रूस पर लगाए गए आर्थिक प्रतिबंधों के बीच यह शैडो फ्लीट उसके लिए अरबों डॉलर की आय का स्रोत बनी हुई है। हालांकि, यह पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा पैदा करती है।

ओपनसैंक्शंस डेटाबेस, जो कि प्रतिबंधों को चकमा देने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं की निगरानी करता है, उसके मुताबिक यह तेल टैंकर रूस पर लगाए गए प्रतिबंधों से बचने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाली शैडो फ्लीट (गोपनीय बेड़े) का हिस्सा हैं। यूक्रेन ने रूस से संघर्ष शुरू होने के बाद कई रूसी पोतों को समुद्री ड्रोन और विस्फोटक उपकरणों के जरिए निशाना बनाया था। हालांकि, उसके अभियान मुख्य तौर पर काला सागर के उत्तरी हिस्से तक ही सीमित रहे हैं।

**यूक्रेन ने रूस से संघर्ष शुरू होने के बाद कई रूसी पोतों को समुद्री ड्रोन और विस्फोटक उपकरणों के जरिए निशाना बनाया था। हालांकि, उसके अभियान मुख्य तौर पर काला सागर के उत्तरी हिस्से तक ही सीमित रहे हैं।**

तुर्किये के समुद्री मामलों के महानिदेशालय के मुताबिक, गाम्बिया के झंडे वाला काइरोस तट से लगभग 28 नॉटिकल मील (52 किमी) दूर काला सागर में आग की चपेट में आया। वह रूस के नोवोरोसिस्क बंदरगाह की ओर जा रहा था और खाली था। समुद्री प्राधिकरण ने बताया कि इसके करीब एक घंटे बाद दूसरा टैंकर विराट भी तुर्किये के तट से लगभग 35 नॉटिकल मील (64 किमी) दूर हमले का शिकार हुआ। इसके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी गई। तुर्किये ने बताया कि बचाव दलों को मौके पर भेजा गया। विराट पर सवार सभी 20 क्रू सदस्यों को सुरक्षित निकाल लिया गया, हालांकि इंजन रूम से घना धुआं उठने की सूचना मिली। वहीं, काइरोस पर सवार 25 क्रू सदस्यों को भी सुरक्षित बचाया गया। वेसलफाइंडर वेबसाइट के मुताबिक, विराट तेल टैंकर 4 नवंबर को बोस्फोरस के उत्तर में लंगर डाले हुए था, जबकि काइरोस की आखिरी ज्ञात लोकेशन 26 नवंबर को दाडार्नेल्स जलडमरूमध्य के दक्षिण में दर्ज हुई थी।

अमेरिका ने इस साल जनवरी में विराट टैंकर पर प्रतिबंध लगाए थे। इसके बाद यूरोपीय संघ, स्विट्जरलैंड, ब्रिटेन और कनाडा ने भी प्रतिबंध लगाए। इसी तरह, यूरोपीय संघ ने काइरोस को जुलाई में प्रतिबंधित किया था। इसके बाद ब्रिटेन और स्विट्जरलैंड ने भी कार्रवाई की।

बताया गया है कि 2018 में बना विराट अनियमित और जोखिमपूर्ण नौवहन तरीकों का इस्तेमाल करता रहा है और पहले बारबाडोस, कोमोरोस, लाइबेरिया और पनामा के झंडों के अंतर्गत चल चुका है। इसी तरह 2002 में बना काइरोस पहले पनामा, ग्रीस और लाइबेरिया के झंडों के तहत पंजीकृत हो चुका है।

गाजियाबाद नगर निगम
Ghaziabad Nagar Nigam
(ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY


# नम आंखों से दी गई स्वर्गीय अरविन्द कुमार गर्ग को श्रद्धांजलि



गाजियाबाद करंट क्राइम। अरविन्द कुमार गर्ग का 20नवंबर को निधन हो गया था। उनकी श्रद्धांजलि सभा और रस्म पगड़ी शनिवार को हिंदी भवन में आयोजित की गई। स्वर्गीय अरविन्द कुमार गर्ग को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए वैश्य समाज के गणमान्य लोग, व्यापार जगत के प्रतिष्ठित लोग, सभी समाजसेवी तथा राजनीतिक दलों के नेता पहुंचे। सभी ने अरविन्द कुमार गर्ग के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। परिवार की ओर से उनके भाई सुभाष गर्ग, भाभी शिल्पा गर्ग, भाई मोती लाल, भाभी ऊषा गर्ग, पुत्र प्रणव तथा पुत्रवधू शुचि, पुत्र अंकित तथा पुत्र वधू आरती मौजूद रहे।

# आईएमएस गाजियाबाद यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस में हुआ एआई और इनोवेशन पर एमडीपी का आयोजन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आई.एम.एस. गाजियाबाद (यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस) में एमडीपी सेल द्वारा दो दिवसीय ऑनलाइन मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसका विषय एआई एंड इनोवेशन : सिनर्जी ऑफ मीडिया, टेक्नोलोजी एंड मैनेजमेंट रखा गया। एमडीपी में एआई की महत्ता एवं उसको प्रयोग करने की प्रक्रिया पर चर्चा की गयी, साथ ही एआई में प्रॉम्ट इंजीनियरिंग, मशीन लर्निंग के बारे में बताते हुए एआई में इसकी भूमिका के बारे में बताया। एमडीपी में देश के विभिन्न शहरों से 150 से अधिक प्रबंधकों, विशेषज्ञों, शिक्षकों, शोधकर्ताओं एवं छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्थान की निदेशक प्रो.(डॉ.) जसकिरण कौर, द्वारा मुख्य अतिथि एवं वक्ता डॉ उमा शंकर पांडेय (प्रो. एवं हेड डिपार्टमेंट ऑफ जर्नलिज्म एंड मास्स कम्युनिकेशन, सुरेन्द्रनाथ कॉलेज फॉर वीमेन, कोलकत्ता युनिवर्सिटी), एवं प्रो. उमेश आर्या (प्रो. गुरु जम्बेश्वर यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी हिसार, हरियाणा), का स्वागत कर किया गया। यह कार्यक्रम ज्ञानवर्धक और एआई टेक्नोलॉजी की सम्पूर्ण जानकारी से परिपूर्ण था।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. तृप्ति सिंह, एवं डॉ. संध्या शर्मा, प्रो. मनीष कुमार एवं प्रो.आशीष भटनागर द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी शिक्षकगण एवं विभागाध्यक्ष भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन डॉ. अनिल कुमार निगम द्वारा उपस्थित जन का धन्यवाद कर किया गया।

## पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने बीएलओ के साथ घर-घर जाकर एसआईआर अभियान में लाई तेजी



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 41 के पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने कैप के माध्यम के तहत बीएलओ के सहयोग से एसआईआर (सर्वजन इन्फॉर्मेशन रेजिस्ट्रेशन) फॉर्म भरवाने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान में तेजी शुरू किया है। इस दौरान वे स्वयं घर-घर जाकर लोगों को फॉर्म भरने में मदद कर रहे हैं और इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया के बारे में जानकारी दे रहे हैं। भूपेंद्र उपाधयाय ने सभी नागरिकों को एसआईआर फॉर्म सही ढंग से भरने में सहायता करना और सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करना। वार्ड के सभी क्षेत्रों में जारी रहेगा। पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने कहा, ह्लहमारा लक्ष्य है कि हर घर तक पहुँचकर लोगों को जागरूक करें और उनका फॉर्म बिना किसी त्रुटि के भरवाएँ। आपका सहयोग ही हमारी सफलता है।

## पार्षद शशि खेमका ने निवासियों की मदद के लिए पार्क में लगवाया एसआईआर कैंप



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 94 सूर्यनगर के पार्षद शशि खेमका ने निवासियों की मदद के लिए पार्क में एसआईआर कैंप लगवाया। इस पहल से स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिली, क्योंकि उन्हें महत्वपूर्ण जानकारी रजिस्टर करने के लिए दूर नहीं जाना पड़ा और यह कार्य उनके पड़ोस में ही आसानी से संपन्न हो गया। यह कैंप पार्क एसआईआर से संबंधित था। जिसका उद्देश्य पार्क से जुड़ी विशेष जानकारी या शिकायतों को व्यवस्थित तरीके से दर्ज करना होता है। पार्षद शशि खेमका ने बताया कि उनका लक्ष्य क्षेत्र के निवासियों को अधिकतम सुविधा प्रदान करना है, और इस तरह के कैंप नियमित रूप से आयोजित किए जाते रहेंगे ताकि नागरिक सेवाओं का लाभ आसानी से उठा सकें। निवासियों ने इस प्रयास की सराहना की और पार्षद का धन्यवाद किया।

## एसआईआर लोकतंत्र को बचाने का अभियान : सचिन डागर



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम के वार्ड 60 से भाजपा के पार्षद सचिन डागर ने शनिवार को वार्ड में एसआईआर को लेकिन बीएलओ के साथ अभियान चलाकर लोगों के फार्म भरवाए उन्होंने कहा कि यह प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि 'लोकतंत्र को बचाने का अभियान' है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के माध्यम से मतदाता सूची को सटीक बनाकर चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता और विश्वास को मजबूत किया जा रहा है। सचिन डागर ने बताया कि एसआईआर के तहत बूथ लेवल अफसर घर- घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन कर रहे हैं, जिससे फर्जी वोटों को रोकने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, जब हर योग्य मतदाता का नाम सूची में सही जगह पर होगा, तभी हम सच में लोकतंत्र की रक्षा कर पाएँगे। पार्षद सचिन डागर ने यह भी बताया कि वह इस अभियान में पूरी तरह से सहयोग दे रहे हैं और अपने वार्ड के निवासियों से अपील की कि वे अपने मतदाता फॉर्म भरने में सक्रिय भागीदारी करें। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल चुनाव आयोग की पहल नहीं, बल्कि सभी नागरिकों की जिम्मेदारी है। एसआईआर के सफल संचालन से भविष्य में चुनावी धोखाधड़ी की संभावनाओं को कम किया जा सकेगा और लोकतांत्रिक मूल्यों को और अधिक मजबूती मिलेगी।

# यूपीसीए उपाध्यक्ष राकेश मिश्रा का हुआ एमएसटी अकादमी में सम्मान

## मेहनत ही सफलता की कुंजी : केडी त्यागी





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) के नवनियुक्त उपाध्यक्ष राकेश मिश्रा का दुहाई स्थित एमएसटी क्रिकेट अकादमी में भव्य स्वागत और सम्मान किया गया। भाजपा नेता और अकादमी के अध्यक्ष केडी त्यागी ने राकेश मिश्रा को सम्मानित किया। जहाँ उन्होंने युवा क्रिकेटरों को प्रेरित करने वाली एक मोटिवेशनल स्पीच भी दी।

केडी त्यागी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में, राकेश मिश्रा ने युवा खिलाड़ियों के साथ अपने अनुभव साझा किए और उन्हें खेल में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया।

मेहनत ही सफलता का मंत्र : अकादमी के अध्यक्ष केडी त्यागी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता का केवल एक ही मंत्र है, और वह है मेहनत। बिना अथक प्रयास के शीर्ष पर पहुँचना असंभव है। राकेश मिश्रा ने भी उनकी बात का समर्थन करते हुए कहा कि खेल जगत में अनुशासन और निरंतर प्रयास ही किसी भी खिलाड़ी के भविष्य का निर्माण करते हैं।


इस अवसर पर अकादमी के कोच अनुराग त्यागी और रिंकू शर्मा के अलावा, बड़ी संख्या में बच्चों के अभिभावक, जिनमें चंद्रशेखर शर्मा, प्रसंट त्यागी, आर्यन त्यागी और सनी त्यागी मौजूद रहे। इस सम्मान समारोह ने युवा क्रिकेटरों को प्रेरणा और मार्गदर्शन प्रदान करने का काम किया।

# पुलिस की पैरवी से मिला मासूम को इंसाफ

## दुष्कर्म का आरोपी काटेगा 10 वर्ष कारावास



### ऑपरेशन कन्विक्शन : पॉक्सो केस में अभियुक्त को कठोर कारावास की सजा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद को ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत एक और बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस आयुक्त जे रविंदर गौड के निर्देश पर चल रहे इस विशेष अभियान में लोनी बॉर्डर थानाक्षेत्र से जुड़े एक गंभीर मामले में अदालत ने कड़ा फैसला सुनाया है।

जानकारी के अनुसार, तब के थानाध्यक्ष कृष्ण कुमार मौर्य की टीम ने महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाते हुए पॉक्सो एक्ट में अभियुक्त के खिलाफ मजबूत चार्जशीट तैयार की थी। इसके बाद विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो) उत्कर्ष तिवारी ने अदालत में प्रभावी पैरवी की, जिसके आधार पर आरोपी राकेश शर्मा, निवासी कपसाढ़, थाना सरूरपुर, बागपत को दोषी करार दिया गया।

दरअसल यह पूरा मामला एक बेहद छोटी बच्ची से जुड़ा हुआ था। इसीलिए इस मामले में कोर्ट द्वारा भी सुनवाई को तेज गति से आगे बढ़ाया गया था। साथ ही पुलिस द्वारा प्रस्तुत किये गये सभी साक्ष्य वैज्ञानिक आधारित जांच के बाद केस डायरी का हिस्सा बनाये गये थे।

### ऑपरेशन कन्विक्शन में लगातार प्रभावी कार्रवाई

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर जे. रविंद्र कुमार द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत गाजियाबाद पुलिस अपराधियों को तेजी से सजा दिलाने के लिए लगातार प्रभावी कार्रवाई कर रही है। इस अभियान के लिए एक अलग कन्विक्शन सेल बनाई गई है, जिसकी मॉनिटरिंग एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव स्वयं करती हैं। अभियान के तहत थानों में भी विशेष पुलिसकर्मियों को नियुक्त किया गया है, ताकि मुकदमों की विवेचना तेज गति से हो, कोर्ट में मजबूत पैरवी हो और अपराधियों को जल्द से जल्द सजा दिलाई जा सके। पुलिस का उद्देश्य कानून व्यवस्था को और मजबूत करना तथा अपराध नियंत्रण में अपनी कार्रवाई को और प्रभावी बनाए रखना है।

### दुष्कर्म का था मामला

**करंट क्राइम :** विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) गाजियाबाद ने आरोपी को धारा 137(2) में 4 वर्ष का कठोर कारावास और 10 हजार रुपये अर्थदंड, पॉक्सो एक्ट की धारा 10 में 6 वर्ष का कठोर कारावास और 20 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

अभियुक्त पर आरोप था कि वह 6 वर्षीय बच्ची को बहाने से ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता के परिजनों की शिकायत पर थाना लोनी बॉर्डर में मामला दर्ज किया गया था। इस सफलता का श्रेय प्रभावी विवेचना, तत्पर पुलिस कार्रवाई और अभियोजन की मजबूत पैरवी को दिया जा रहा है।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम

Ashu Kumar Verma
5h ·

बड़ा पोत्र अवय्य 5 साल का हो गया, ईश्वर लंबी उम्र अच्छी सेहत व अच्छे संस्कार दें



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व मेयर अशु वर्मा के लिए एक खुशी का पल जब उनका बड़ा सुपौत्र अवय्य पांच वर्ष का हो गया। पौत्र के जन्मदिन पर दादा ने आशीर्वाद दिया और ये प्रार्थना की कि ईश्वर अवय्य को लंबी उम्र, अच्छी सेहत और अच्छे संस्कार दे। पूर्व मेयर अशु वर्मा अपने पौत्र की जन्मदिन की खुशी को फेसबुक पर साझा किया। उनकी यह पोस्ट बनी दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।